# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 27 अप्रैल -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 124 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 582 प्रशिक्षु आरक्षियों ने दी सलामी, 9 माह की कठिन ट्रेनिंग के बाद पुलिस सेवा में प्रवेश

# सीएम योगी बोले ट्रेनिंग में जितना पसीना बहता है, उतनी निखरती है पुलिसिंग

## सीपी जे रविंदर गौड ने कहा शपथ केवल शब्द नहीं, जीवन भर निभाने का संकल्प



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को भव्य दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 582 प्रशिक्षु आरक्षियों ने 9 माह का कठोर प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद पुलिस सेवा में औपचारिक प्रवेश किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर पूरे परेड ग्राउंड को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और पुलिस बैंड की मधुर धुनों के बीच मार्च पास्ट व सलामी कार्यक्रम ने समारोह को गरिमामय बना दिया।

समारोह के दौरान पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी प्रशिक्षण कैंप के प्रधानाचार्य केशव चौधरी और डीसीपी मुख्यालय (पुलिस लाइन) धवल जायसवाल ने परेड की सलामी ली। परेड का नेतृत्व प्रथम कमांडर अर्जुन सिंह तोमर ने किया, जबकि द्वितीय कमांडर के रूप में कुशल चौधरी और तृतीय कमांडर के रूप में उमंग प्रताप ने जिम्मेदारी निभाई। दीक्षांत परेड में कुल 10 प्लाटून ने भाग लेकर अनुशासन, एकरूपता और दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान



### पुलिसिंग का मूल मंत्र

**"पुलिस कमिश्नर ने अनुशासन, धैर्य, साहस और सेवा भावना को पुलिस जीवन का मूल मंत्र बताया**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअल माध्यम से समारोह से जुड़े और नवप्रशिक्षित पुलिसकर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जितना अधिक परिश्रम और पसीना बहाया जाता है, भविष्य में उतनी ही मजबूती और दक्षता के साथ चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। उन्होंने सभी आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। वहीं, उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण ने भी वर्चुअल माध्यम से जुड़कर पुलिस परिवार में शामिल हो रहे सभी नए सिपाहियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अनुशासन, धैर्य, साहस और सेवा भावना को पुलिस जीवन का मूल मंत्र बताते हुए सभी को इन मूल्यों पर कायम रहने की सलाह दी।









### सीपी बोले शपथ केवल औपचारिक शब्द नहीं, बल्कि जीवन भर निभाने का संकल्प

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने अपने संबोधन में कहा कि आज ली गई शपथ केवल औपचारिक शब्द नहीं, बल्कि जीवन भर निभाने का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी को ईमानदारी, निष्पक्षता और संवेदनशीलता को अपने कार्य का आधार बनाना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षकों के अनुशासन, परिश्रम और समर्पण की सराहना करते हुए सभी प्रशिक्षु आरक्षियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



### इनको किया गया सम्मानित

**करंट क्राइम :** समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कई प्रशिक्षुओं को सम्मानित भी किया गया। इनमें हरवीर सिंह, योगेश शर्मा, कौशल यादव, अवधेश कुमार, अजीत कुमार, अंशु कुमार, अंशुल यादव, नरेंद्र, रवि, दीपक नरवर, अर्जुन सिंह, सुमित चौधरी, रजत चौधरी, ललित कुमार, अजय कुमार, अवनीश कुमार, विकास कुमार, आकाश कुमार, अरविंद कुमार, मयंक राजपूत, उमंग प्रताप, कुशल चौधरी, अर्जुन सिंह तोमर, महावीर सिंह, देवेंद्र सिंह, चंद्रभान सिंह और धर्मेंद्र सिंह को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रशिक्षण के दौरान इन आरक्षियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने की तकनीक, अपराध नियंत्रण, जांच प्रक्रिया, सामुदायिक पुलिसिंग, जनता से संवाद कौशल, शारीरिक दक्षता व फिटनेस, हथियार संचालन, सुरक्षा उपाय, आधुनिक तकनीक और साइबर अपराध से निपटने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट के एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, राजेश पांडेय, वरूणवीर सिंह, एसीपी इंदिरापुर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी कवि नगर सूर्यबलि मौर्य, एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी क्राइम-साहिबाबाद अमित सक्सेना, एसीपी ट्रैफिक रितेश त्रिपाठी, एसीपी लोनी सिदार्थ गौतम, एसीपी अजय , थानाध्यक्ष डा. दीप्ति चौहान, एसएओ क्रॉसिंग रिपब्लिक श्वेता सिंह सहित अन्य अधिकारी और पुलिस लाइन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक समारोह को साक्षी बनकर नए पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया।

### कमिश्नरेट के थानों पर नए रंगरूटों का हुआ भव्य स्वागत





**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानों में नए रंगरूट पुलिस बल के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर थानों में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सिहानी गेट थाने में थाना प्रभारी कुलदीप दीक्षित ने नए रंगरूटों से हाथ मिलाकर उनका उत्साह बढ़ाया और ड्यूटी के प्रति समर्पण का संदेश दिया। वहीं दयानंद नगर चौकी पर चौकी प्रभारी मनोज बलिया ने रंगरूटों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान माहौल उत्साह और गर्व से भरा नजर आया। वरिष्ठ अधिकारियों ने नए पुलिसकर्मियों को अनुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ सेवा करने की प्रेरणा दी। पुलिस कमिश्नरेट में नए रंगरूटों का यह स्वागत कार्यक्रम न सिर्फ परंपरा का हिस्सा रहा, बल्कि उनके मनोबल को बढ़ाने का भी महत्वपूर्ण अवसर बना।

# हाउस टैक्स कैलकुलेशन अटका, सिस्टम अपडेट न होने से लाखों उपभोक्ता परेशान, अभी डेट नहीं हुई है फिक्स



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में हाउस टैक्स को लेकर चल रही प्रक्रिया एक बार फिर अटक गई है। लंबी चर्चा और राहत की उम्मीदों के बीच अब मामला टैक्स कैलकुलेशन सॉफ्टवेयर के अपडेट में फंस गया है। नगर निगम के सूत्रों के मुताबिक, अभी तक शहर के किसी भी जोन में नया कैलकुलेशन फॉमूर्ला लागू नहीं हो पाया है, जिससे हाउस टैक्स की गणना प्रभावित हो रही है। उधर नगर निगम से जुड़े सूत्र बताते हैं कि न तो कंप्यूटर सिस्टम पूरी तरह अपडेट हुए हैं और न ही नया फॉमूर्ला फीड किया जा सका है। ऐसे में टैक्स निर्धारण का काम शुरू नहीं हो पा रहा, जिससे पार्षदों और आम जनता दोनों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

### क्या टैक्स कलैक्शन पर पड़ेगा असर

करंट क्राइम : इस देरी का असर नगर निगम के राजस्व पर भी साफ दिखने लगा है। शहर के अलग-अलग जोन में लाखों उपभोक्ताओं को अपना हाउस टैक्स अपडेट कराकर जमा करना है, लेकिन बिल जनरेट न होने से भुगतान प्रक्रिया ठप पड़ी है। पिछले वित्तीय वर्ष में भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने समय पर टैक्स जमा नहीं किया था, जिससे निगम पर बकाया राशि का दबाव बना हुआ है। वहीं, हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी और नई मूल्यांकन प्रणाली को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। पार्षद जहां जनता पर अतिरिक्त बोझ न डालने की बात कर रहे हैं, वहीं निगम भी राजस्व बढ़ाने के पक्ष में है। इस खींचतान के बीच नई दरों के लागू होने में और देरी की आशंका जताई जा रही है। पार्षदों का कहना है कि अगर जल्द ही सिस्टम अपडेट कर प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो आगे और दिक्कतें बढ़ सकती हैं। दूसरी ओर, जनता भी टैक्स में मिलने वाली छूट का लाभ उठाने के लिए इंतजार कर रही है, लेकिन तकनीकी बाधाओं के चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है। कुल मिलाकर, गाजियाबाद में हाउस टैक्स का मामला अब नीतिगत फैसलों से ज्यादा तकनीकी अड़चनों में उलझ गया है। जब तक सॉफ्टवेयर अपडेट और सिस्टम पूरी तरह तैयार नहीं होते, तब तक टैक्स वसूली और बिलिंग प्रक्रिया में सुधार की उम्मीद अधूरी ही बनी रहेगी।

लोकल वाले सूत्रों के अनुसार, अभी सिस्टम अपडेट की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गई है। तकनीकी कारणों और विभागीय समन्वय की कमी के चलते यह प्रक्रिया लगातार टलती जा रही है। उधर, प्रशासनिक स्तर पर यह भी जानकारी सामने आई है कि नगर निगम के कई कर्मचारी इन दिनों जनगणना कार्य में लगे हुए हैं, जिससे सॉफ्टवेयर अपडेट और डेटा एंट्री का काम प्रभावित हो रहा है।

## भाजपा में मोर्चों की कप्तानी को लेकर बिछ गयी है बिसात

# किसान मोर्चा से लेकर युवा मोर्चा तक चल रही है बड़े दरबारों मे बात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर टीम घोषित हो चुकी है और महानगर की टीम के बाद अब इंतजार प्रदेश टीम का हो रहा है। दरअसल प्रदेश टीम की घोषणा पर ही क्षेत्रीय टीम की घोषणा टिकी है। प्रदेश अध्यक्ष जब प्रदेश की टीम घोषित करेंगे तो ये तय हो जायेगा कि प्रदेश अध्यक्ष कौन होगा। प्रदेश टीम के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा होगी और फिर क्षेत्रीय टीम घोषित होगी। प्रदेश की टीम में गाजियाबाद से कौन आयेगा और क्षेत्रीय टीम में किसे स्थान मिलेगा इस पर सभी की निगाहें हैं। मौजूदा परिदृश्य की बात करें तो बसंत त्यागी प्रदेश टीम में मंत्री हैं। मानसिंह गोस्वामी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हैं। अब प्रदेश टीम में कोई नया चेहरा आता है या रिपीट वाला सीन होता है। इन सब चर्चाओं के बीच जो सबसे ज्यादा वर्किंग चल रही है वो मोर्चा कप्तानी को लेकर चल रही है। मोर्चा के दावेदार साईलेंट तरीके से सिफारिश वाला मोर्चा खोल चुके हैं। किसी ने दिल्ली में माथा टेक दिया है तो कोई ध्वज प्रणाम वालों की शरण में हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां महिला मोर्चा की कप्तानी के लिए आधा दर्जन से ज्यादा चेहरे मैदान में हैं। इसी तरह किसान मोर्चा का अध्यक्ष बनने के लिए लॉबिंग शुरू हो चुकी है। युवा मोर्चा के लिए सबसे ज्यादा भागदौड़ चल रही है। इसके अलावा अन्य प्रकोष्ठ भी है और इस बार मोर्चों की कप्तानी इतनी आसान नहीं रहेगी। फिलहाल सभी जोर लगा रहे हैं ।

# नगर निगम में महिला बिल पर आज घमासान

## सत्तापक्ष लाएगा निंदा प्रस्ताव, विपक्ष पलटवार को तैयार




### सदन में तीखी बहस और हंगामे के आसार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद का सदन सोमवार को राजनीतिक टकराव का केंद्र बन सकता है। महिला आरक्षण के मुद्दे पर राष्ट्रीय स्तर पर छिड़ी बहस अब स्थानीय राजनीति में भी खुलकर सामने आ रही है। सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़े पार्षद विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश करने की पूरी तैयारी में हैं। इसको लेकर पार्षदों को बाकायदा आमंत्रण पत्र भेजे गए हैं और बड़ी संख्या में उनके शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, सत्तापक्ष इस प्रस्ताव के जरिए यह संदेश देने की कोशिश करेगा कि महिलाओं के अधिकार और सम्मान के मुद्दे पर वह किसी भी तरह की राजनीति को बर्दाश्त नहीं करेगा। नगर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि महापौर की मौजूदगी में यह प्रस्ताव सदन में रखा जा सकता है। जहां सत्ताधारी पार्षद एकजुट होकर विपक्ष को घेरने की रणनीति पर काम करेंगे। इस पूरे घटनाक्रम पर सत्ताधारी दल के एक नेता ने बताया है कि महिलाओं को उनका हक दिलाने के मुद्दे पर जो भी दल या नेता विरोध में खड़ा नजर आता है, उसके खिलाफ आवाज उठाना हमारा दायित्व है। नगर निगम का सदन केवल स्थानीय मुद्दों का मंच नहीं, बल्कि समाज के बड़े सवालों पर भी अपनी राय रखने का स्थान है। निंदा प्रस्ताव के जरिए हम साफ संदेश देंगे कि महिलाओं के सम्मान से समझौता नहीं होगा।

वहीं, विपक्ष भी इस मुद्दे पर पीछे हटने के मूड में नहीं है। विपक्षी खेमे के एक पार्षद ने तीखा पलटवार करते हुए कहा है कि सत्ताधारी दल राष्ट्रीय मुद्दों की आड़ में स्थानीय समस्याओं से ध्यान भटकाना चाहता है। नगर निगम के सदन का इस्तेमाल राजनीतिक स्टंट के लिए किया जा रहा है, जबकि हकीकत यह है कि शहर में विकास कार्य ठप पड़े हैं। महिला पार्षदों के वार्डों में भी भेदभाव हो रहा है, जिसे हम सदन में मजबूती से उठाएंगे। खासतौर पर महिला पार्षदों की भूमिका इस बैठक में अहम मानी जा रही है। नगर निगम के सूत्रों का कहना है कि कुछ महिला पार्षद अपने वार्डों में विकास कार्यों की अनदेखी, बजट आवंटन में असमानता और प्रशासनिक उपेक्षा जैसे मुद्दों को लेकर खुलकर विरोध जता सकती हैं। इससे सदन का माहौल और अधिक गरमा सकता है।

### सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

करंट क्राइम : नगर निगम में हो रही इस बैठक को लेकर नगर निगम परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। संभावित हंगामे को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, विपक्ष की कुछ महिला पार्षदों की सक्रियता को देखते हुए उन पर विशेष नजर रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि किसी भी स्थिति में सदन की कार्यवाही बाधित न हो। कुल मिलाकर, आज की यह बैठक महज एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं बल्कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सीधी राजनीतिक भिड़ंत का मंच बनने वाला सीन हो सकता है।

महिला आरक्षण जैसे बड़े मुद्दे की आड़ में स्थानीय विकास, भेदभाव और राजनीतिक रणनीति-सभी एक साथ सदन में टकराते नजर आएंगे। अब देखना होगा कि इस सियासी जंग में कौन भारी पड़ता है और इसका असर शहर की राजनीति पर किस रूप में सामने आता है।

# कवि नगर थाने का सीपी आज करेंगे भव्य उद्घाटन, होगा बड़े खाने का भी आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के तहत थानों के आधुनिकीकरण और सौंदर्यीकरण की कड़ी में सिटी जोन स्थित कवि नगर थाना आज एक नए रूप में नजर आएगा। सोमवार को पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड द्वारा कवि नगर थाने के नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा।



नए स्वरूप में तैयार किया गया यह थाना आधुनिक सुविधाओं से लैस है। परिसर में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है, जो परिसर की शोभा बढ़ाएगी। इसके साथ ही आकर्षक फव्वारे और अत्याधुनिक लाइटिंग व्यवस्था से पूरे थाने को सुसज्जित किया गया है, जिससे इसका स्वरूप और अधिक आकर्षक हो गया है। उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर कवि नगर थाने में बड़े खाने का भी विशेष आयोजन किया गया है। इस आयोजन में शहर के प्रमुख राजनीतिक हस्तियों, पत्रकारों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों की जिम्मेदारी डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य और थाना प्रभारी अनुराग शर्मा द्वारा संभाली जा रही है।

पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड के नेतृत्व में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट लगातार थानों के आधुनिकीकरण और उनकी कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहा है। कवि नगर थाने का यह नया स्वरूप इसी पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है, जो आमजन को बेहतर और आधुनिक पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायक साबित होगा।

# पटाखा बुलेट वालों पर पुलिस का सख्त प्रहार

## गाजियाबाद में गरजा ट्रैफिक अभियान 66 चालान, चेतावनी जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सड़कों पर दहशत और शोर मचाने वाले पटाखा बुलेट चालकों के खिलाफ रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान चलाया। सिटी जोन से लेकर देहात तक एक साथ की गई इस कार्रवाई में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर धमाके करने वाले बाइक सवारों पर जमकर शिकंजा कसा गया और 66 चालान काटकर साफ संदेश दे दिया गया कि अब सड़कें स्टंट और शोर मचाने के लिए नहीं हैं।







पिछले कुछ समय से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने यह अभियान पूरी सख्ती के साथ जमीन पर उतारा। कई स्थानों पर अचानक चेकिंग लगाकर उन बाइकों को रोका गया, जिनसे पटाखों जैसी तेज आवाज निकल रही थी। जांच में बड़ी संख्या में ऐसे वाहन मिले जिनमें अवैध तरीके से साइलेंसर मॉडिफाई किए गए थे। मौके पर ही कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए और कुछ चालकों को कड़ी फटकार भी लगाई गई।

अधिकारियों ने दो टूक कहा कि इस तरह के मॉडिफिकेशन सिर्फ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि खुलेआम ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलाने का अपराध है। यह हरकतें आम जनता की शांति भंग करने के साथ सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा बनती जा रही हैं।

डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर किसी ने नियमों को ताक पर रखकर बुलेट या अन्य बाइक में पटाखा साइलेंसर का इस्तेमाल किया, तो उसके खिलाफ और सख्त कार्रवाई की जाएगी, सिर्फ चालान ही नहीं, वाहन सीज तक की कार्रवाई से भी पीछे नहीं हटेंगे। पुलिस ने अभिभावकों को भी सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को इस तरह की हरकतों से रोकें, वरना कानून का डंडा किसी को नहीं बख्शेगा। ट्रैफिक पुलिस ने यह भी साफ कर दिया है कि यह अभियान एक दिन की कार्रवाई नहीं, बल्कि आगे भी लगातार चलाया जाएगा, ताकि शहर की सड़कों पर अनुशासन कायम किया जा सके। गाजियाबाद में इस कार्रवाई के बाद साफ संकेत है-अब पटाखा बुलेट का शोर नहीं, कानून की आवाज गूंजेगी।



# बनगांव रैली में पीएम मोदी की चेतावनी, घुसपैठियों पर सख्त संदेश

## टीएमसी पर निशाना, 29 अप्रैल तक देश छोड़ने की बात, वोट देकर आजादी दिलाने की अपील

### चुनावी सभा में डबल इंजन सरकार का वादा, महिलाओं और शरणार्थियों के लिए योजनाएं गिनाईं



**बनगांव।** पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के बनगांव में जनसभा को संबोधित किया है। उन्होंने इस दौरान कहा कि आज, बनगांव से, मैं घुसपैठियों को कड़ी चेतावनी देना चाहता हूं। जो भी अवैध रूप से बंगाल में दाखिल हुआ है, या जो जाली दस्तावेजों के साथ यहां रह रहा है, उसे 29 अप्रैल से पहले बंगाल और भारत छोड़ देना चाहिए। अन्यथा, 4 मई के बाद, हर घुसपैठिए को बाहर निकाल दिया जाएगा। टीएमसी अब किसी भी घुसपैठिए को संरक्षण नहीं दे पाएगी। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 के दूसरे चरण के लिए सभी राजनीतिक दल प्रचार में जुटे हैं।

इसी कड़ी में पीएम मोदी ने आज राज्य बनगांव में एक जनसभा को संबोधित किया है। पीएम मोदी ने इस दौरान राज्य की सत्ता धारी दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने आगे कहा, 'बंगाल का ये चुनाव अब अंतिम चरण में है, लेकिन आपने एक बात नोटिस की होगी, 15 साल पहले टीएमसी मां, माटी, मानुष की बातें करके सत्ता में आई थी, लेकिन अब इनके मुंह से मां, माटी, मानुष ये शब्द तक नहीं निकलते। आखिर क्यों? क्या कारण है? ये टीएमसी वाले अगर मां, माटी, मानुष की याद दिलाएंगे तो इनके पाप सामने आ जाएंगे। टीएमसी की निर्ममता ने मां को रुला दिया, माटी को सिंडिकेट और घुसपैठियों के हवाले कर दिया और बंगाल के मानुष को पलायन के लिए मजबूर कर दिया। 'आप हमें वोट दिजिए, हम आपको टीएमसी से आजादी दिलाएंगे'

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि बंगाल के पास सब कुछ है। बंगाल के लोगों के पास सामर्थ्य भरपूर है, इसलिए बंगाल फिर से देश का नंबर वन राज्य बन सकता है। हमें बस नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आह्वान को याद रखना है। नेताजी ने कहा था, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी के इस आह्वान पर देशवासियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज बंगाल को आपके एक वोट की जरूरत है। आप हमें अपना आशीर्वाद दीजिए, अपना वोट दीजिए, हम आपको टीएमसी से आजादी दिलाएंगे।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, आजादी, टीएमसी के महाजंगलराज से, आजादी, टीएमसी के भय से, आजादी, टीएमसी के भ्रष्टाचार से, आजादी, बेटियों पर अत्याचार से, आजादी, बेकारी और बेरोजगारी से, आजादी, लुटती भर्ती परीक्षाओं से, आजादी, घुसपैठियों के कब्जे से, आजादी, गुंडों और मस्तानों से।

पीएम मोदी ने मतुआ संप्रदाय के मुख्य मंदिर में पूजा-अर्चना की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में मतुआ महासंघ के मुख्य मंदिर ठाकुरबाड़ी में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने चुनावी रैली से पहले समुदाय के मुख्यालय में उनका यह दौरा, जहां संप्रदाय के संस्थापक हरि चंद और गुरु चंद ठाकुर के मंदिर स्थित हैं, मतुआ मतदाताओं तक पहुंचने का एक प्रयास माना जा रहा है। ये मतदाता कम से कम 34 विधानसभा सीटों और बांग्लादेश सीमा से लगे दो दर्जन अन्य क्षेत्रों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं।

### सभी शरणार्थी परिवारों को मिलेगी नागरिकता- पीएम मोदी

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- जैसे गंगाजी का उद्गम स्थल गंगोत्री है, वैसे ही भाजपा का उद्गम जनसंघ है और जनसंघ का उद्गम बंगाल से हुआ है। पहले लोकसभा चुनाव में बंगाल ने जनसंघ का खाता खोला था। तब कोलकाता से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जीते थे। मैं मतुआ-नामशूद्र और अन्य सभी शरणार्थी परिवारों से कहूंगा... आपको नागरिकता भी मिलेगी, आपको पक्का पता मिलेगा, आपको हर वो कागज मिलेगा, हर वो हक मिलेगा, जो किसी भी भारतवासी को मिलता है। ये मोदी की गारंटी है।

### संदेशखाली का पीएम मोदी ने किया जिक्र

पीएम मोदी ने सत्ता धारी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी के महाजंगलराज की सबसे बड़ी पीड़ित हमारी बहनें और बेटियां हैं। बहनों के साथ सबसे बड़ा धोखा हुआ है, इसलिए इस बार सबसे अधिक गुस्सा बहनों में ही दिख रहा है। संदेशखाली में बहनों के साथ गुंडे अन्याय करते रहे। टीएमसी की निर्मम सरकार गुंडों का साथ देती रही। यहां बहनों को ही गाली दी गई। बंगाल के भाइयों और बहनों, इसे कभी भी भूलना नहीं है।

### पीएम मोदी ने गिनवाईं भाजपा की योजनाएं

प्रधानमंत्री ने इस दौरान भाजपा की योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा- भाजपा सरकार में यहां बंगाल की बहनों को अपनी बीमारी का इलाज टालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारी सरकार आपको पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देगी। जन औषधि केंद्र पर 80 प्रतिशत डिस्काउंट पर दवा दी जाएगी। ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की जांच और टीका मुफ्त लगाया जाएगा। साथ ही गर्भावस्था के दौरान 21,000 और ग्रेजुएशन के लिए बेटियों को 50,000 की मदद भाजपा सरकार देने वाली है। यानी बेटियों की पढ़ाई और दवाई, इसकी चिंता भाजपा सरकार करेगी। बंगाल की भाजपा सरकार हर साल 36,000 बहनों के खाते में जमा करेगी। आंगनवाड़ी हो, अन्य महिला हेल्थ वर्कर हो, उनके वेतन को लेकर बंगाल भाजपा ने बड़ी घोषणा की है। बंगाल भाजपा ने बेटियों को सरकारी नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण का भरोसा दिया है। यानी भाजपा की डबल इंजन सरकार से बंगाल की बहनों और बेटियों को डबल फायदा होगा।

# भवानीपुर में आमने-सामने रैलियां ममता का मंच छोड़ना बना मुद्दा





**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले सियासी दलों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच, राज्य के भवानीपुर में उस समय अजीबोगरीब स्थिति देखने को मिली, जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की रैली से 100 मीटर दूर ही भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की सभा हो रही थी। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि उनकी रैली में बाधा डालने के लिए भाजपा ने उनकी ओर अपने लाउडस्पीकर कर दिए हैं। इसके साथ मुख्यमंत्री मंच से उतर गईं। वहीं, भाजपा ने भी पलटवार करते हुए कहा कि यह उनकी हार की आहट है।

### भाजपा ने क्या कहा?

भारतीय जनता पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ममता बनर्जी मंच से उतर गईं। उन्होंने वजह बताई कि भाजपा के लाउडस्पीकर से शोर हो रहा था। जब नेता अपना संयम खोने लगते हैं, तो यह उनकी गहरी बैचेनी को दिखाता है। क्या यह हार की आहट है?

**100 मीटर दूरी पर दो सभाएं, शोर-शराबे के आरोपों से बढ़ा सियासी तापमान**

### पूरा मामला क्या हुआ?

मुख्यमंत्री भवानीपुर में रैली को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान 100 मीटर की दूरी पर शुभेंदु अधिकारी जनसभा जल रही थी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा ने उनके भाषण में बाधा डालने के लिए जोर से अपने लाउडस्पीकर बजाए। इसके बाद उन्होंने भाषण बीच में ही छोड़ दिया और वहां मौजूद लोगों से माफी मांगकर चली गईं।

इसके बाद आक्रोशित टीएमसी कार्यकर्ता शुभेंदु की रैली की तरफ चल पड़े और विरोध करने लगे। उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। दोनों दलों के कार्यकताओं के बीच झड़प की स्थिति बन गई थी। हालांकि, वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर किया। तब तक शुभेंदु अधिकारी जनसभा में पहुंचे भी नहीं थे। बाद में अधिकारी ने कहा, बंगाल में गुंडा राज चल रहा है, जिसका मुहतोड़ जवाब देना है।

### भवानीपुर सीट से चार बार जीत दर्ज कर चुकीं ममता बनर्जी

भवानीपुर सीट पर सत्तारूढ़ तृणमूल की मजबूत पकड़ मानी जाती है। खुद ममता बनर्जी 2011 से इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। 29 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होना है। दूसरे चरण में भवानीपुर समेत 141 सीट पर मतदान होना है। पहले चरण में 152 सीट पर मतदान हुआ। चुनाव के नतीजे चार मई को घोषित किए जाएंगे। इसी दिन चार अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे भी घोषित किए जाएंगे।

# 28 अप्रैल से दिल्ली विस का नया सत्र, नारी शक्ति वंदन संशोधन पर घमासान संभव, बीजेपी- आप में टकराव के संकेत



**नई दिल्ली।** सत्र में किन-किन विषयों पर चर्चा होगी, इसका अंतिम एजेंडा सोमवार शाम तक स्पष्ट होने की उम्मीद है। लेकिन राजनीतिक माहौल को देखते हुए ये तय माना जा रहा है कि सदन में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी आम आदमी पार्टी के बीच तीखी बहस देखने को मिल सकती है। राजधानी में सियासी हलचल के बीच दिल्ली विधानसभा का पांचवां सत्र मंगलवार से शुरू होने जा रहा है। ये सत्र सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने रविवार को आठवीं विधानसभा के चौथे सत्र को तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए नए सत्र को बुलाने का आदेश जारी किया। इस संबंध में अधिसूचना 26 अप्रैल को दिल्ली राजपत्र में प्रकाशित की गई। आदेश में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन अधिनियम 1991 की धारा 6 के तहत दी गई शक्तियों का उपयोग करते हुए पहले चौथे सत्र का सत्रावसान किया गया और फिर पांचवें सत्र को आहूत किया गया। विधानसभा सचिवालय ने इसकी जानकारी सभी विधायकों, सांसदों और संबंधित विभागों को भेज दी गई है। इस बार का सत्र राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, इस एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम (संशोधन) को लेकर निंदा प्रस्ताव लाया जा सकता है।

ये वही मुद्दा है, जिसे संसद में विपक्षी दलों कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने पारित नहीं होने दिया था। ऐसे में दिल्ली विधानसभा में इस पर चर्चा और टकराव की पूरी संभावना जताई जा रही है।

### सोमवार को साफ होगा एजेंडा

हालांकि, सत्र में किन-किन विषयों पर चर्चा होगी, इसका अंतिम एजेंडा सोमवार शाम तक स्पष्ट होने की उम्मीद है।

लेकिन राजनीतिक माहौल को देखते हुए ये तय माना जा रहा है कि सदन में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी आम आदमी पार्टी के बीच तीखी बहस देखने को मिल सकती है।

### पिछले सत्र में विपक्ष सदन से रहा गायब

पिछले बजट सत्र का अनुभव भी इस बार के माहौल को प्रभावित कर सकता है। उस दौरान विपक्ष ने सदन का बहिष्कार किया था, जिससे कार्यवाही पर असर पड़ा था। ऐसे में इस बार भी दोनों पक्षों के बीच टकराव के संकेत पहले से ही दिख रहे हैं। सत्र के दौरान कानून-व्यवस्था, महिला अधिकार और अन्य समसामयिक मुद्दों पर चर्चा होने की भी संभावना है। इसके अलावा सरकार अपनी नीतियों और फैसलों को सदन में रखने की तैयारी में है, जबकि विपक्ष इन पर सवाल उठाने के मूड में नजर आ रहा है।

### ये सत्र राजनीतिक तौर पर अहम

कुल मिलाकर, 28 अप्रैल से शुरू हो रहा ये सत्र सिर्फ औपचारिक नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है, जहां बहस, आरोप-प्रत्यारोप और संभावित हंगामे के बीच कई बड़े मुद्दे सामने आ सकते हैं।

# असनसोल में कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या से बंगाल में सियासी तूफान

### राहुल गांधी का ममता सरकार पर तीखा हमला
### दोषियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय की मांग



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के असनसोल में कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। राहुल गांधी ने ममता सरकार को आतंक का पर्याय बताते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की है।

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के बाद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस के कद्दावर नेता राहुल गांधी ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की कथित हत्या को लेकर ममता सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में अब लोकतंत्र नहीं, बल्कि तृणमूल कांग्रेस का आतंक का शासन चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस हिंसक राजनीति के सामने कभी नहीं झुकेगी।

**बंगाल हिंसा में कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या, राजनीति गरमाई**

### असनसोल में हुई बर्बरता

जानकारी के अनुसार, देबदीप चटर्जी की हत्या असनसोल में चुनाव के बाद भड़की हिंसा के दौरान की गई। कांग्रेस का दावा है कि देबदीप असनसोल उत्तर से पार्टी के उम्मीदवार प्रसेनजीत पुईतांडी के बेहद करीबी सहयोगी थे। पश्चिम बंगाल कांग्रेस का आरोप है कि सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस से जुड़े उपद्रवियों ने देबदीप पर जानलेवा हमला किया और उन्हें बेरहमी से पीटा। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।

### प्रशासनिक सुस्ती पर उठे सवाल

पश्चिम बंगाल कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल से पोस्ट कर राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी का कहना है कि यह दुखद घटना राज्य में सुरक्षा तंत्र के पूरी तरह ध्वस्त होने का प्रमाण है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि इतनी बड़ी वारदात होने के बाद भी शुरूआती रिपोर्टों तक पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी।

कांग्रेस ने कहा कि बंगाल में लोकतंत्र दम तोड़ चुका है। विपक्षी आवाजों को दबाने के लिए हिंसा को हथियार बनाना टीएमसी का ट्रेडमार्क बन गया है।

### राहुल गांधी का सोशल मीडिया पर कड़ा प्रहार

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा, 'चुनाव के बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या अत्यंत निंदनीय है। पीड़ित परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।' राहुल गांधी ने कहा कि विरोधी आवाजों को डराना, धमकाना और उन्हें खत्म कर देना ही अब टीएमसी का असली चरित्र बन गया है। उन्होंने कहा, 'हमारी राजनीति कभी हिंसा पर आधारित नहीं रही है और न कभी होगी। हमने अपने कार्यकताओं को खोया है, लेकिन हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है और यही हमारा संकल्प है।'

### न्याय और मुआवजे की मांग

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि सभी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही, उन्होंने देबदीप के परिवार को पूर्ण सुरक्षा और उचित मुआवजा देने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि भारत की अहिंसक परंपरा को चोट पहुंचाने वाली इस राजनीति के सामने न्याय होकर रहेगा।

# लद्दाख दौरे पर अमित शाह, लेह में करेंगे भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन



**लेह।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर लद्दाख जाएंगे और वे लेह में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन करेंगे। ये अवशेष पिपरहवा से लाए गए हैं और बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लेह में पहली बार सार्वजनिक प्रदर्शनी के रूप में प्रदर्शित किए जाएंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर लद्दाख पहुंचेंगे। इस दौरान वे लेह में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन करेंगे और बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। लद्दाख के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये पवित्र अवशेष उत्तर प्रदेश के पिपरहवा (प्राचीन कपिलवस्तु) से लाए गए हैं और इन्हें लेह के जिवे त्सल में 1 से 14 मई तक पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा के दिन अमित शाह इन अवशेषों के दर्शन करेंगे और इस पवित्र प्रदर्शनी के आध्यात्मिक महत्व पर अपने विचार भी साझा करेंगे।

# 'आप' छोड़ते ही हरभजन सिंह की Z+ सिक्योरिटी वापस ली



**चण्डीगढ़-पंजाब।** राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह के भाजपा में शामिल होते ही पंजाब सरकार ने उनकी + सुरक्षा वापस ले ली है। उनके आवास पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को तुरंत मुख्यालय रिपोर्ट करने के आदेश दिए गए। विपक्षी दलों ने इसे 'बदले की राजनीति' करार दिया है।

पंजाब की राजनीति में मचे घमासान के बीच राज्य सरकार ने राज्यसभा सांसद और पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह की + श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। यह कदम हरभजन सिंह के आम आदमी पार्टी (अअढ) से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के ठीक बाद उठाया गया है। आप कार्यकताओं का उबाल, जालंधर से लुधियाना तक पुतले फूंके, दीवारों पर लिखा गद्दार पंजाब में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसदों के भाजपा में जाने के बाद कार्यकताओं का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। शनिवार को जालंधर और लुधियाना में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुए। कार्यकताओं ने सांसद हरभजन सिंह के आवास और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के बाहर नारेबाजी की और दीवारों पर काले रंग से गद्दार लिखकर विरोध जताया।

जालंधर में प्रदर्शनकारियों ने सांसद अशोक मित्तल का पुतला फूंका और एलपीयू के बाहर लगे पोस्टरों पर काली स्याही पोती। सिर पर काली पट्टियां बांधकर पहुंचे कार्यकताओं ने पार्टी के गद्दार और पंजाब के गद्दार जैसे नारे लगाए। पुलिस की मौजूदगी में हरभजन सिंह के घर के बाहर गद्दार लिखा गया। रोकने पर कुछ कार्यकर्ता पुलिस से भी उलझ गए। उधर लुधियाना में राज्यसभा सांसद राजिंदर गुप्ता के भाजपा में जाने के ऐलान के बाद किचलू नगर स्थित ट्राइडेंट ग्रुप के दफ्तर के बाहर आप यूथ विंग ने घेराव कर पुतला फूंका।

### दलबदल के बाद बदला सुरक्षा का घेरा

सूत्रों के अनुसार, पंजाब पुलिस के सुरक्षा कर्मियों को वापस हेडक्वार्टर रिपोर्ट करने के आदेश दे दिए गए हैं। हरभजन सिंह उन सात राज्यसभा सांसदों में शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में राघव चड्ढा के नेतृत्व में 'आप' के साथ अपना नाता तोड़कर भाजपा का दामन थामा है। बता दें कि सात सांसदों हरभजन सिंह के साथ राघव चड्ढा, स्वाति मालीवाल और संदीप पाठक जैसे बड़े चेहरों ने भी भाजपा जॉइन की है।

# 'भाजपा ने दिल्ली के काम रोके, बंगाल में भी वही साजिश', अरविंद केजरीवाल का बड़ा आरोप



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए राजधानी कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जहां भी सत्ता में आती है, वहां पहले से किए गए अच्छे कामों को बंद कर देती है। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के लिए कई बड़े कदम उठाए थे, लेकिन भाजपा ने इन कामों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'हमने अच्छे स्कूल बनाए, लेकिन उन्होंने उन्हें बंद कर दिया। मोहल्ला क्लीनिक शुरू किए, उन्हें रोक दिया। महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त की, उसे भी बंद कर दिया गया। बिजली मुफ्त की थी, उसे भी खत्म करने की तैयारी है।' अरविंद केजरीवाल ने आगे आरोप लगाया कि भाजपा इस चुनाव में 'गंदी राजनीति' कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरा चुनाव वोटर लिस्ट में गड़बड़ी (मतदाता सूची में हेरफेर) के मुद्दे पर लड़ा जा रहा है। उनके मुताबिक कई जगह ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां पिता का नाम वोटर लिस्ट में है लेकिन बेटे का नाम नहीं है, या मां का नाम है लेकिन बेटे का नहीं।

# ट्रिपल मर्डर: एक घर से उठीं तीन अर्थियां, रो पड़ा गांव अंतिम संस्कार में आई हजारों की भीड़





**बुलंदशहर।** पुलिस जांच में सामने आया है कि पार्टी के दौरान शराब का सेवन भी हो रहा था। मौके से शराब की बोतलें, बीयर कैन और सिगरेट के अवशेष मिले हैं। वहीं, सैनी धर्मशाला को लेकर दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश की बात भी सामने आ रही है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा में मामूली विवाद ने ऐसा खौफनाक रूप ले लिया कि एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। बर्थडे पार्टी में केक चेहरे पर लगाने को लेकर शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते ट्रिपल मर्डर में बदल गया। अब जब तीनों शव घर पहुंचे तो पूरे इलाके में मातम पसर गया। एक ही घर से तीन अर्थियां उठने का मंजर देखकर गांव के लोग भी रो पड़े। बर्थडे पार्टी में हुआ था बवाल घटना शनिवार देर रात थाना खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष रोड स्थित आरजेएस फिटनेस जिम की है। यहां फूटा दरवाजा मोहल्ला निवासी जीतू सैनी की जन्मदिन पार्टी चल रही थी। पार्टी में शामिल युवकों के बीच केक लगाने को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो गाली-गलौज और विवाद में बदल गई।

बताया जा रहा है कि विवाद के बाद आरोपी जीतू सैनी गुस्से में वहां से चला गया। करीब एक घंटे बाद वह अपने साथियों के साथ वापस लौटा। इस दौरान वह अपने भाई की लाइसेंसी पिस्टल लेकर आया था। जिम की पहली मंजिल पर पहुंचे आरोपी ने वहां बैठे अमरदीप (35), मनीष (32) और आकाश (19) पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।

### वारदात के बाद ले गए सीसीटीवी की डीवीआर

गोलीबारी के बाद जिम में अफरातफरी मच गई। मौजूद युवक जान बचाने के लिए मशीनों के पीछे छिप गए। आरोपी मौके से फरार होने से पहले जिम का सीसीटीवी डीवीआर भी निकाल ले गया।

### पुलिस महकमे में मचा हड़कंप



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी सिटी, कई सीओ और कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने 15 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### घर पहुंचते ही मचा कोहराम, अंतिम संस्कार की तैयारी

रविवार को जैसे ही तीनों मृतकों के शव उनके घर पहुंचे, माहौल बेहद गमगीन हो गया। हजारों की भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक साथ तीन शव देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। गांव में शोक की लहर दौड़ गई और अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी गई।

# संगठन और पार्टी का जताया आभार

## परन्तु कार्यकारिणी सदस्य स्वीकार करने से कर दिया इंकार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर कार्यकारिणी घोषित हो चुकी है और महानगर कार्यकारिणी सदस्यों की लिस्ट आयी है। इसमें अश्वनी शर्मा से लेकर रोबिन तोमर के नाम हैं। इस लिस्ट में भाजपा के महानगर मंत्री रहे दिवाकर सिघंल का भी नाम है। दिवाकर सिंघल ने महानगर कार्यकारिणी सदस्य का पद अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं महानगर कार्यकारिणी में सदस्य बनाये जाने पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं। मैं भाजपा का मूल कार्यकर्ता हूं। मेरा संघ प्रोफाईल है और मैंने हमेशा अपने राजनीतिक जीवन में पद से ज्यादा पार्टी की सेवा को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मैं अपने व्यवसायिक और पारिवारिक कारणों के चलते इस दायित्व के लिए समय नहीं दे पाउंगा। पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में हमेशा उपलब्ध हूं। लेकिन फिलहाल मैं महानगर कार्यकारिणी सदस्य का पद स्वीकार करने की स्थिति में नहीं हूं। उचित होगा कि संगठन इस महत्वपूर्ण पद को किसी अन्य देवतुल्य कार्यकर्ता को दे दे। एक बार फिर से संगठन का आभार जताता हूं और हमेशा एक अनुशासित कार्यकर्ता के रूप में भाजपा की सेवा करूंगा।


### गस्ती तलाश अज्ञात शव



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.04.2026 को ग्राम रानोली लतीफपुर थाना जारचा गौतमबुध्दनगर गांव के बाहर राजपाल के खेत मे एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 40 वर्ष का शव पड़ा मिला। शव की शिनाख्त हेतु भरसक प्रयास किये गये परन्तु पता नही लग सका। शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका है। इस सम्बन्ध में थाना हाजा पर फोती दिनांक 26.04.2026 को समय 09.50 जी.डी नं0 30 पर दर्ज है। इस सम्बन्ध में अगर किसी को कोई सूचना मिले तो थाना जारचा पर सम्पर्क करने का कष्ट करे। **हुलिया** : आँख नाक कान औसत, रंग गेहुआँ, काले बाल, उम्र करीब 40 वर्ष लम्बाई 5 फुट 2 इंच, नीला टीशर्ट व ग्रे कलर की लोवर मे काले रंग की पट्टी व दाहिने हाथ मे एक कडा पहने हुए है। **जाँच कर्ता** : राजीव कुमार थाना जारचा गौतमबुद्ध नगर मो0नं0 8273482095 कार्यालय 9454403385, प्रभारी निरीक्षक गौतमबुद्धनगर मो0न0 8595902550

### गाजियाबाद नगर निगम
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक/0120/निर्माण/2026-27 दिनांक-25.04.2026

**आर.डी.सी. फ्लाई ओवर के नीचे निर्मित नगर निगम स्पोर्टर्स प्लाजा का 03 वर्ष की अवधि हेतु संचालन/अनुरक्षण किये जाने के कार्य के लिए सार्वजनिक ऑफर (सील बन्द लिफाफे में) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ऑफर आमंत्रण सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा राजनगर आर.डी.सी फ्लाई ओवर के नीचे 03 बैडमिन्टन कोर्ट, 01 बास्केट बॉल कोर्ट एवं 01 क्रिकेट कोर्ट को सम्मलित करते हुये स्पोटर्स प्लाजा का निर्माण किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 03 वर्ष की अवधि के लिए नगर निगम स्पोटर्स प्लाजा का संचालन/अनुरक्षण किये जाने के लिए सील बन्द प्रस्ताव/ऑफर आमंत्रित कराता है।

इच्छुक ऑफरदाता/फर्म दिनांक 27.04.2026 से दिनांक 06.05.2026 अपरान्ह 02.00 बजे तक नगर निगम मुख्य कार्यालय में तृतीय तल स्थित में मुख्य अभियन्ता कार्यालय कक्ष में अपना सील बन्द प्रस्ताव/ऑफर प्रस्तुत कर सकतें है। उक्त प्रस्ताव दिनांक 06.05.2026 को सायः 04.00 बजे मुख्य अभियन्ता कार्यालय कक्ष में खोले जायेगें। प्रस्ताव सम्बन्धी विस्तृत शर्तों की जानकारी दिनांक 06.05.2026 को 12.00 बजे तक मुख्य अभियन्ता कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद नगर निगम

27 April -26 page 3 26-04-26 10:51 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 27 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Inder Jeet Singh Titu
9m · Mohd Amir • Tere Ja...

दोस्ती निभाने के लिए बड़े दिल की जरूरत होती है
रोज दोस्त नहीं बदले जाते
दोस्त वो जो परछाई की तरह साथ रहता है
एक सच्चा दोस्त परिवार से बड़ा होता है
दोस्ती कभी स्वार्थ से नहीं निभाई जाती



# कविनगर के 'अट्टहास' कवि सम्मेलन में प्रमुख हस्तियों का जमावड़ा

## 44 वर्षों से अट्टहास बना शहर की सांस्कृतिक पहचानः कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कविनगर रामलीला मैदान में कविनगर रेजिडेंट्स फेडरेशन (रजि०) द्वारा आयोजित 44वें 'अट्टहास' कवि सम्मेलन में इस बार प्रमुख सामाजिक, औद्योगिक और राजनीतिक हस्तियों की प्रभावशाली उपस्थिति रही। हजारों श्रोताओं की मौजूदगी में पूरा मैदान देर रात तक काव्य रस में डूबा रहा।

कार्यक्रम में यशोदा हॉस्पिटल के सीएमडी पी.एन. अरोड़ा मुख्य अतिथि रहे, जबकि दीप प्रज्वलन केपीजी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. के.पी. गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. राम अवतार जिंदल ने की। कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

अतिथियों का स्वागत दिनेश गोयल (अध्यक्ष), लालचंद शर्मा (महामंत्री), अजय जैन (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), ललित जायसवाल (संरक्षक) समेत पदाधिकारियों ने माला, पटका व स्मृति चिन्ह देकर किया। इस अवसर पर फेडरेशन द्वारा प्रकाशित जन-जागृति पत्रिका का विमोचन भी किया गया, जिसके प्रधान संपादक अजय जैन रहे।



कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि यह कवि सम्मेलन गाजियाबाद की पहचान बन चुका है और इसकी निरंतरता ही इसकी सबसे बड़ी सफलता है।

### साहित्य समाज को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम : डॉ. राम अवतार जिंदल

कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. राम अवतार जिंदल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं।

### साहित्यिक आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं : पी.एन. अरोड़ा

मुख्य अतिथि पी.एन. अरोड़ा ने कहा कि कवि सम्मेलन जैसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं।

### सामाजिक सहभागिता से ही ऐसे आयोजन सफल होते हैं : दिनेश गोयल

फेडरेशन के अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि सभी साथियों के सहयोग से ही यह भव्य आयोजन संभव हो पाया है और भविष्य में भी इसे और बेहतर बनाया जाएगा।

### संस्कृति और शिक्षा के संगम से ही समाज आगे बढ़ता है – डॉ. के.पी. गुप्ता

डॉ. के.पी. गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम बनते हैं और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।

### कविता की गूंज ने बांधा समां

देशभर से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

- प्रेम में पाना चाहते हो तो प्रेम में खोना भी सीखो : माधुरी मुस्कान शर्मा
- वफा ईमान की बातें किताबों में ही मिलती हैं : प्रताप फौजदार
- अजब हैं मायने इस दौर की गूंगी तरक्की के : अंजु जैन
- हंसना किसी इबादत से कम नहीं : अनिल अग्रवंशी
- कविता ज़िंदाबाद हमारी कविता ज़िंदाबाद : राव अजातशत्रु
- कभी मां-बाप को तुम बेसहारा छोड़ मत देना : डॉ. कीर्ति काले
- मुश्किलों से हमें जूझना आ गया : डॉ. अनु सपन
- ईश्वर सत्य है तो पिता सत्य का प्रमाण है : सुनील व्यास
- मेरी मौत को मिले तिरंगा, मर कर भी जी जाऊंगा : अशोक चारण

इन पंक्तियों पर श्रोताओं ने कई बार खड़े होकर तालियों से कवियों का उत्साहवर्धन किया।

### जन-जागृति पत्रिका समाज को दिशा देने का प्रयास : अजय जैन

पत्रिका के प्रधान संपादक अजय जैन ने कहा कि इस प्रकाशन के माध्यम से सामाजिक मुद्दों और जागरूकता को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मंच संचालन डॉ. प्रवीण शुक्ल ने प्रभावशाली ढंग से किया। लगभग 4000 कुर्सियों, एलईडी स्क्रीन, फॉगिंग और नि:शुल्क पेयजल जैसी व्यवस्थाओं ने आयोजन को सुव्यवस्थित बनाया।

# तरुण चुघ ने भारत की वैज्ञानिक विरासत और 'विकसित भारत 2047' का दिया मंत्र

## गाजियाबाद में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में 19 राज्यों के युवा जुटे

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जानकी भवन, रामलीला ग्राउंड (कवि नगर) में आयोजित 'भारत एंड इट्स साइंटिफिक ग्लोरी-चैप्टर 2' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तरुण चुघ के संबोधन ने पूरे आयोजन को केंद्रीय स्वर दिया। उन्होंने भारत की प्राचीन वैज्ञानिक परंपरा से लेकर आधुनिक उपलब्धियों तक की यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि गणित, खगोल विज्ञान, आयुर्वेद और तकनीकी नवाचार में भारत ने विश्व को दिशा दी है। उन्होंने युवाओं से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, नवाचार व अनुसंधान को बढ़ावा देने और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 19 राज्यों से आए युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों और बुद्धिजीवियों की बड़ी भागीदारी रही, जिससे आयोजन राष्ट्रीय स्वरूप में उभरा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सुनील शर्मा, क्षेत्रीय




अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश सत्येंद्र सिसोदिया, पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल तथा विधायक अजीतपाल त्यागी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन विनीत वत्स त्यागी के नेतृत्व में हुआ। विभिन्न सत्रों में भारत की वैज्ञानिक विरासत, आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयासों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई। कर्नाटक के बेंगलूरु से आई टीम विजेता रही। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# अगर इसी तरह निकलते रहे पुराने महावतों में खोट

## विधानसभा चुनाव में हाथी मांगेगा किन नेताओं के दम पर वोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अगर सियासी कैलकुलेटर से देखें तो चुनावी ईयर शुरू को गया है। जनता के बीच जाना है और जनता को ये समझाना है कि सबसे बेहतर कोई राजनीतिक दल है तो वो हम हैं। चुनाव तैयारियों में सत्ताधारी दल की बात करें तो भाजपा यहां अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर रही है। उसने अपने नेताओं को साफ कह दियाहै कि रात्रि प्रवास कार्यक्रम में नाईट स्टे करना ही होगा। वो बूथ से लेकर विधानसभा तक कार्यक्रम लगा रही है। समाजवादी पार्टी की बात करें तो उसके नेता हुंकार भर रहे है।

कार्यक्रम चल रहे हैं वो दादरी में गुर्जर सम्मेलन से चुनावी एलान कर चुके हैं। उसके दावेदार होर्डिंग लगाकर अपनी दावेदारी दिखा रहे हैं। लेकिन यहां अगर बसपा की बात करें तो वो पूरे सीन से ही आउट है। उनका कौन सा चेहरा चुनाव लड़ेगा, अभी दावेदारी कुछ नहीं है। लिहाजा कोई होर्डिंग-बैनर भी नहीं है। संगठन की क्या रणनीति रहेगी कोई कैडर कैम्प नहीं है। जनता के बीच क्या संदेश देना है इसको लेकर भी कोई रणनीति नहीं है। सबसे बड़ी बात ये है कि जब वोट को लेकर सपोर्ट का माहौल बनाना है तब बसपा का नीला हाथी अपने महावतों में खोट निकाल रहा है। अन्य राजनतिक दलों की बात करें तो वहां नयी भर्ती चल रही है। नये चेहरों को जोड़ा जा रहा है और बसपा का हाथी अपने ही कुनबे को तोड़ रहा है।

आज कोई जिलाध्यक्ष है कल कोई होगा। सबसे बड़ी बात ये है कि अब हाथी उन महावतों को बाहर का रास्ता दिखा रहा है जिन महावतों के दम पर पार्टी सत्ता में आयी थी। बसपा के पूर्व एलएलसी तथा सरकार में मंत्री रहे धर्मवीर अशोक को अनुशासनहीनता के आरोप में बाहर निकाल दिया गया है। इससे पहले भी कई पूर्व एमएलसी बाहर हो चुके हैं। गाजियाबाद की बात करें तो यहां भी ओके रिपोर्ट नहीं है। सवाल अब उस कैडर वोट से उठा है जो नीले हाथी को तन मन धन से सपोर्ट करता आया है। ये लॉबी सवाल उठा रही है कि आखिर नीला हाथी कब तक सूटकेस वाले महावतों को ढोएगा, चुनाव का समय है और यही समझ नहीं आ रहा कि कुनबे का विस्तार कैसे किया जाये। नयी भर्ती हो नही रही और पुरानों को बाहर निकाला जा रहा है। अब कैडर वोट वाली लॉबी ये सवाल उठा रही है कि विधानसभा चुनाव आ रहा है और उससे पहले जिला पंचायत चुनाव की संभावना बन रही है। वो कह रहे हैं कि जब पुराने महावत ही बाहर हो जायेंगे तो बस्तियों में जाकर वोट कौन मांगेगा, कौन पार्टी की रीती और नीति को समझायेगा।

### 8 वर्ष का सियासी वनवास तो गाजियाबाद में काट चुका है नीला हाथी

**करंट क्राइम।** वैसे तो बसपा का हाथी वर्ष 2012 से ही यूपी की सत्ता से बाहर है। लेकिन गाजियाबाद की बात करें तो यहां जब वर्ष 2012 में सपा की सरकार आयी थी तो यहां हर विधानसभा में नीले हाथी पर बहार आयी थी। लोनी में हाजी जाकिर अली विधानसभा का चुनाव बसपा के टिकट पर जीते। मुरादनगर में वहाब चौधरी बसपा के टिकट पर चुनाव जीते, शहर विधानसभा में सुरेश बंसल चुनाव जीते, साहिबाबाद में अमरपाल शर्मा चुनाव जीते ओर मोदीनगर मे मास्टर राजपाल चुनाव जीते। लेकिन उसके बाद से नीला किला पूरी तरह छिन्न भिन्न हो गया। जाकिर अली अब सपा में हैं, वहाब चौधरी सीन से आउट हैं। सुरेश बंसल अब स्वर्गीय हो चुके हैं और अमरपाल शर्मा समाजवादी पार्टी में हैं। असलम चौधरी भी अब बसपा में नहीं हैं। सियासी पिच पर हाथी कहीं नहीं है। और उसपर बाहर निकालने का ये सिलसिला हाथी को ही मुकाबले से बाहर कर रहा है।

### कहां है हाथी की चुनावी तैयारी और कहां है उसके दावेदार

करंट क्राइम। हाथी की सियासी तकदीर देखें तो वो हमेशा दूसरे दलों के टिकट वंचित चेहरों को सवारी कराता है। कहा तो ये जाता है कि यहां कोई फेस नहीं होता है, बस सूटकेस होता है। बसपा की बात करें तो उसका कोई दावेदार किसी होर्डिंग पर नजर नहीं आ रहा।

सिकन्दर यादव भी अब सपा में हैं। भाजपा जब प्रशिक्षण वर्ग शिविर चला रही है। सपा किसान चिंतन विषय पर गोष्टि कर रही है, बौद्धिक वर्ग को साथ ले रही है। तब दलित और मुस्लिम वोटों पर अधिकार जमाने वाला हाथी कहीं नजर नहीं आ रहा। वो दलित बस्तियों में भी नहीं है और वो मुस्लिम बस्तियों में भी दिखाई नहीं दे रहा। चुनाव वाले मेंले में हाथी खो गया है और ऐसे में डीएम समीकरण छिन्न - भिन्न होता दिखाई दे रहा है।

# क्या केसरिया कृपा के बादल से होगा हरियाले हैंडपम्प का भी कुछ उद्धार

## क्या दर्जा प्राप्त से लेकर मैम्बर वाली लिस्ट में हैं किसी हैंडपम्प वाले का नाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा सहयोग वाले गणित से अपने विरोधी योग को कम कर रही है। वो सत्ता में है परन्तु इसके बाद भी वो वेस्ट यूपी में रालोद से हाथ मिलाकर चल रही है तो पूर्वांचल मेंवो सुहेलदेव पार्टी से हाथ मिला रही है। अगर इस राजनीतिक समीकरण को समझें तो भाजपा यहां अपने विरोध वाले योग को कम कर रही है। वो इन दलों को साथ लेकर चल रही है और माना ये जा रहा है कि चुनाव से पहले वो अपने



चेहरों के साथ साथ सहयोगी दलों को भी ऑब्लाईज करेगी। इसकी सबसे बड़ी मिसाल रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। खतौली से विधायक मदन भईया हैं। और अब इस बात की संभावना जताई जा रही है कि केसरिया कृपा वाली हवा में हरियाले हैन्डपम्प यानी रालोद का भी उद्धार हो सकता है। यहां वो किन चेहरों को साधेगी और रालोद के किन चेहरों को कृत करेगी इसको लेकर चर्चा चल रही है।

सूत्र बताते हैं कि सिख समाज पर भी मेहरबानी हो सकती है। हालाकि भाजपा ने पहले अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रधान वाला पद एक सिख चेहरे को दिया है। नामित कृपा भी एक सिख चेहरे पर हुई है। सूत्र बताते हैं कि बोर्ड मैम्बर वाला उपकार रालोद वाले सरदार चेहरे पर हो सकता है। इसके अलावा यहां की राजनीति में केसी त्यागी की रालोद में एंट्री के इफैक्ट दिखाई देंगे। केसी त्यागी बड़े खिलाड़ी हैं और बड़ा प्रोफाईल है। लिहाजा वो स्थानीय स्तर पर ना अपने लिए कुछ लेंगे और ना अपने पुत्र के लिए कुछ ऐसा करेंगे। राजनीति के जानकार ये मानते है कि केसी त्यागी जिस चेहरे की तरफ इंडिकेट करेंगे उसी पर कृपा हो जायेगी। अब ये चेहरे कौन से होंगे, इसको लेकर मंथन चल रहा है। यहां पर एक चर्चा जाट चेहरों को लेकर भी है। रालोद क्या अपने किसी जाट चेहरे को केसरिया कृपा से अभिभूत करेगा। हालाकि सूत्र बताते हैं कि जाट चेहरों से ज्यादा यहां त्यागी, सिख और अन्य समाज को वरियता मिल सकती है।

### चुनावी भागीदारी में क्या रालोद करेगा किसी सीट पर दावा

करंट क्राइम। ये भाजपा का गढ़ है और यहां हर सीट पर भाजपा है। लिहाजा ऐसे में सियासी जानकार ये नहीं मानते कि यहां भाजपा किसी सीट पर रालोद को हिस्सेदार बनायेगी। लेकिन सूत्र बताते हैं कि अभी मंथन, चिंतन चल रहा है। यहां भागीदारी का सीन जिला पंचायत से दिखाई दे जायेगा। इसके अलावा जिला पंचायत में भी ब्लॉक प्रमुख जैसी सीटों पर भागीदारी वाला सीन पता चलेगा। सूत्र बताते हैं कि चुनावी हिस्सेदारी का असर नगर पालिका वाली भागीदारी में दिखाई दे सकता है, जिला पंचायत में दिखाई दे सकता है।

# एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव, 108 सेवा बनी जीवनदायिनी

## समय पर पहुंची 108 सेवा, टीम की तत्परता से जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में 108 एंबुलेंस एक बार फिर जीवनदायिनी साबित हुई है। मुरादनगर क्षेत्र के शाहपुर गांव में एक महिला का एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया।



शाहपुर गांव निवासी विपिन कुमार की पत्नी रूपवती को प्रसव पीड़ा हुई। विपिन ने तुरंत 108 एंबुलेंस पर कॉल किया। सूचना मिलते ही ईएमटी सुधीर और एंबुलेंस चालक नईम मौके पर पहुंचे। उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए रूपवती को एंबुलेंस में शिफ्ट किया। एंबुलेंस तुरंत मुरादनगर अस्पताल के लिए रवाना हो गई। रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ने के कारण एंबुलेंस को रोकना पड़ा। ईएमटी सुधीर और चालक नईम ने सुरक्षित प्रसव कराया।

प्रसव के बाद ईआरसीपी डॉक्टर अमित की सलाह पर जच्चा के वाइटल की जांच हुई। नवजात शिशु का सक्शन कर उसे सुरक्षित किया गया। इसके बाद जच्चा और नवजात को सीएचसी मुरादनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस कर्मचारियों की सेवा की सराहना की।

## संपादकीय

# होर्मुज संकट और तनाव

ईरान ने पहले दौर की वार्ता विफल होने के बाद जिस प्रकार अमेरिका से बात करने से इन्कार किया था, उससे यही लग रहा था कि वह अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी खत्म किए बिना न तो होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए तैयार होगा और न ही वार्ता के लिए। अब यदि वह वार्ता के लिए तैयार है तो शायद इसलिए कि अमेरिकी नाकेबंदी उसके लिए परेशानी का कारण बन रही है। जो भी हो, जब तक दूसरे दौर की वार्ता हो नहीं जाती और वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच जाती, तब तक पश्चिम एशिया संकट और साथ ही ऊर्जा संकट खत्म होने के आसार नहीं। अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की वार्ता इसलिए विफल हुई थी, क्योंकि ईरान न तो यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम से पीछे हटने को तैयार था और न ही होर्मुज पर अपना आधिपत्य छोड़ने के लिए। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि युद्धविराम विस्तार के बाद भी होर्मुज बंद है। अमेरिकी नाकेबंदी के पहले वहां से इक्का-दुक्का जो जहाज निकल पा रहे थे, अब वे भी नहीं निकल पा रहे हैं।

ईरान अमेरिकी नाकेबंदी खत्म करने की शर्त रखने के साथ ही इस पर अड़ा है कि वह होर्मुज से निकलने वाले जहाजों को अपनी निगरानी में निकलने देगा और उनसे फीस भी वसूलेगा। यह किसी को स्वीकार नहीं हो सकता-न तो अमेरिका को और न ही खाड़ी देशों को, क्योंकि होर्मुज स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है। होर्मुज से विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की ढुलाई होती है। उसके बाधित होने से भारत समेत एशियाई देशों को ही ऊर्जा संकट का सामना नहीं करना पड़ रहा है। संकट का असर अमेरिका समेत पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। हालांकि अमेरिका के पास अपने तेल एवं गैस भंडार हैं, लेकिन होर्मुज से ऊर्जा आपूर्ति ठप हो जाने से तेल और गैस के दाम उसके यहां भी बढ़ रहे हैं। उसके मुकाबले विश्व के अन्य देशों को कहीं अधिक गंभीर ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि ईरान यह समझ रहा है कि वह होर्मुज बाधित कर विश्व के देशों को अमेरिका पर इसके लिए दबाव डालने में सक्षम हो सकता है कि वह टकराव से पीछे हटे, इसलिए उसने भी कठोर रवैया अपना लिया है। यह रवैया दूसरे दौर की वार्ता को भी विफल कर सकता है। ईरान अमेरिकी हमलों के जवाब में खाड़ी देशों में उसके ठिकानों को निशाना बनाने में भी सक्षम है। अमेरिका की समस्या यह है कि वह ईरान के हमलों का पूरी तरह प्रतिकार करने में सक्षम नहीं दिख रहा। इससे अमेरिकी सैन्य अड्डों वाले खाड़ी के देशों में भी बेचैनी है। यह स्पष्ट है कि होर्मुज खुलने में जितना विलंब होगा, ऊर्जा संकट उतना ही गहराएगा। इस संकट के चलते अमेरिका ईरान को नए सिरे से निशाना बनाने के लिए बाध्य तो हो सकता है, लेकिन ट्रंप के लिए उसके खिलाफ ऐसा करना आसान नहीं। शायद यही कारण है कि वे कभी ईरान को तबाह करने की धमकी देते हैं और कभी उससे समझौते की उम्मीद जताते हैं। वे बीते 10-12 दिनों में न जाने कितनी बार अपने बयान बदल चुके हैं।

# शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, टॉप कंपनियों को भारी नुकसान

## सेंसेक्स-निफ्टी टूटे, सात बड़ी कंपनियों का मार्केट कैप करीब 2 लाख करोड़ घटा



**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में आई तेज गिरावट ने देश की दिग्गज कंपनियों की कमर तोड़ दी। निवेशकों की धारणा कमजोर होने का सीधा असर टॉप-10 कंपनियों पर दिखा, जहां सात कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण करीब 2 लाख करोड़ तक घट गया।

पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में लगातार कमजोरी का असर देश की बड़ी कंपनियों पर साफ दिखाई दिया। बाजार में गिरावट के चलते टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 7 का संयुक्त बाजार पूंजीकरण करीब 2 लाख करोड़ घट गया। इस दौरान निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा और बाजार में बेचैनी का माहौल बना रहा।

सेंसेक्स और निफ्टी में भी गिरावट दर्ज की गई, जिसका सीधा असर बड़ी कंपनियों के शेयरों पर पड़ा। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक तनाव और कमजोर तिमाही नतीजों की वजह से बाजार पर दबाव बना हुआ है। हालांकि कुछ कंपनियों में हल्की बढ़त भी देखने को मिली, लेकिन कुल मिलाकर बाजार में नकारात्मक रुझान हावी रहा। इस गिरावट में देश की दो सबसे बड़ी कंपनियों, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा।

कमजोर बाजार के चलते दोनों कंपनियों के मार्केट कैप में भारी कमी दर्ज की गई। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 66,699 करोड़ घटकर करीब 8.67 लाख करोड़ पर आ गया, जिससे निवेशकों को बड़ा झटका लगा। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज की वैल्यू भी 50,670 करोड़ कम हो गई, जिससे यह भी दबाव में आ गई। विशेषज्ञों के अनुसार आईटी सेक्टर और ऊर्जा क्षेत्र में बिकवाली का सीधा असर इन दिग्गज कंपनियों पर पड़ा है।

### रिलायंस अभी भी टॉप पर

इस गिरावट के बीच कुछ कंपनियों ने अच्छा प्रदर्शन भी किया। हिंदुस्तान यूनिलीवर, सबीआई और बजाज फाइनेंस की वैल्यू में बढ़त दर्ज की गई, जिससे निवेशकों को थोड़ी राहत मिली। हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव का माहौल बना रहा। गिरावट के बावजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है,

### बैंकिंग और अन्य कंपनियों को भी नुकसान

बैंकिंग और अन्य क्षेत्रों की बड़ी कंपनियों को भी इस गिरावट में नुकसान झेलना पड़ा। HDFC बैंक, ICICI बैंक, भारती एयरटेल, एलएंडटी और एलआईसी जैसी प्रमुख कंपनियों के मार्केट कैप में कमी दर्ज की गई। कमजोर बाजार के माहौल का सीधा असर इन कंपनियों के शेयरों पर पड़ा। खास तौर पर लऊ्रह बैंक की वैल्यू में 23,090 करोड़ की गिरावट आई, जबकि भारती एयरटेल का मार्केट कैप 19,406 करोड़ घट गया। इसके अलावा अन्य कंपनियों में भी हल्की से मध्यम गिरावट देखने को मिली, जिससे कुल मिलाकर निवेशकों की चिंता बढ़ गई।

### शेयर बाजार में लगातार गिरावट का असर

पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स में 1,829 अंक यानी 2.33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि निफ्टी भी 455 अंक यानी 1.87 प्रतिशत टूट गया। इस गिरावट ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी और बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव का माहौल बना रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों ने बाजार पर दबाव बनाया है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने भी स्थिति को और कमजोर किया। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक वैश्विक हालात स्थिर नहीं होते, तब तक बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है।

# स्टार्टअप्स के लिए 10,000 करोड़ फंड योजना का दूसरा चरण शुरू



**नई दिल्ली।** सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए 10,000 करोड़ रुपये की फंडिंग योजना के दूसरे चरण के नियम जारी किए हैं। सिडबी के साथ मिलकर एक अन्य एजेंसी इसे लागू करेगी, जिसमें डीप-टेक और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया। सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) योजना की दूसरी किस्त को मंजूरी दे दी है। यह पूरी किस्त 10,000 करोड़ रुपये की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने इसके संचालन के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। इन नियमों का उद्देश्य पूंजी प्रवाह को बेहतर बनाना है। सरकार भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिक तंत्र में निवेश की दक्षता बढ़ाना चाहती है। इसके लिए शासन और निगरानी के कड़े तंत्र बनाए गए हैं। यह योजना सीधे निवेश नहीं करेगी। यह सेबी (एसईबीआई) के साथ पंजीकृत श्रेणी-कऔर श्रेणी-क्कके वैकल्पिक निवेश कोषों के माध्यम से काम करेगी। इस फंड के जरिए केवल उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स में ही निवेश होंगे। पारदर्शिता और विकास पर जोर सरकार को उम्मीद है कि इस कदम से निवेश में अनुशासन आएगा। इससे निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा।

**सरकार का बड़ा कदम, स्टार्टअप्स को मिलेगा 10,000 करोड़ का फंड**

नए नियमों से अलग-अलग क्षेत्रों और चरणों के स्टार्टअप्स को फंडिंग मिल सकेगी। साथ ही, अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों के स्टार्टअप्स तक पहुंच आसान होगी। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक शुरूआत में इसे लागू करने वाली एजेंसी होगी। सिडबी फंड चयन और निगरानी की पूरी प्रक्रिया को संभालेगी।

# डिजिटल वॉलेट पर आरबीआई के सख्त नियम, ग्राहकों को मिलेगी सुरक्षा

**आरबीआई का बड़ा फैसला, डिजिटल वॉलेट नियम होंगे और कड़े**

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल वॉलेट और प्रीपेड कार्ड (पीपीआई) के उपयोग को सुरक्षित बनाने के लिए कड़े नियमों का मसौदा जारी किया है। इसमें गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए कम से कम 5 करोड़ रुपये की नेट-वर्थ और एक अलग एस्क्रो खाता अनिवार्य किया गया है।



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आम लोगों को बड़ी राहत देने और धोखाधड़ी से बचाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। आजकल हर कोई डिजिटल वॉलेट और प्रीपेड कार्ड का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे में ग्राहकों की सुरक्षा, उनके पैसों की हिफाजत और कामकाज को पारदर्शी बनाने के लिए आरबीआई ने नए और कड़े नियमों का एक मसौदा (ड्राफ्ट) तैयार किया है। इसका मुख्य लक्ष्य डिजिटल लेन-देन को और अधिक सुरक्षित बनाना है। इस नई योजना के तहत, आरबीआई ने प्रीपेड भुगतान उपकरणों (पीपीआई) यानी डिजिटल वॉलेट के लिए एक मास्टर निर्देश जारी किया है। इसके अनुसार, जो बैंक डेबिट कार्ड जारी करते हैं, वे अब 'पेमेंट और सेटलमेंट सिस्टम विभाग' (डीपीएसएस) को सूचना देकर सीधे डिजिटल वॉलेट या प्रीपेड कार्ड जारी कर सकेंगे। इसके अलावा, जो कंपनियां बैंक नहीं हैं, उन्हें भी वॉलेट सेवा शुरू करने के लिए कम से कम 5 करोड़ रुपए की नेट-वर्थ दिखानी होगी और अपने ऑडिटर से इसका प्रमाण पत्र देना होगा।

### गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए क्या हैं नए नियम?

इस नए ड्राफ्ट में गैर-बैंकिंग कंपनियों के लिए नियम काफी सख्त किए गए हैं। इन कंपनियों को अनुमति मिलने के तीसरे साल के अंत तक अपनी कुल नेट-वर्थ बढ़ाकर 15 करोड़ रुपए करनी होगी। साथ ही, इन कंपनियों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे ग्राहकों के वॉलेट में जमा किए गए पैसों को एक अलग 'रुपया एस्क्रो खाते' में सुरक्षित रखें। यह खाता भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त कमर्शियल बैंक में होना चाहिए, ताकि लोगों का पैसा पूरी तरह से सुरक्षित रहे।

### वॉलेट में पैसे रखने की सीमा क्या होगी?

आरबीआई ने ग्राहकों की सहूलियत और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पैसे रखने की सीमा भी तय की है। नए प्रस्ताव के मुताबिक, आम इस्तेमाल वाले डिजिटल वॉलेट में अधिकतम 2 लाख रुपए तक रखे जा सकते हैं। इसके अलावा, महीने में केवल 10,000 रुपए तक की ही नकद राशि जमा करने की छूट होगी। विदेशी मुद्रा से जुड़े वॉलेट के लिए महीने में 5 लाख रुपए निकालने की सीमा तय की गई है।

# व्यापार घाटे को कम करने के लिए योजना

## चीन को निर्यात बढ़ाने के साथ आयात निर्भरता घटाने की रणनीति

**नई दिल्ली।** भारत चीन को निर्यात बढ़ाने और आयात निर्भरता कम करने के लिए एक विविध रणनीति अपना रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घरेलू क्षमताओं को मजबूत किया जा रहा है। आपूर्तिकर्ता आधार का विविधीकरण भी किया जा रहा है। अधिकारी के अनुसार, चीन से पूरी तरह से अलग होना मुश्किल है। चीनी इनपुट भारत के औद्योगिक विकास का आधार हैं।



भारत मुख्य रूप से कच्चा माल, मध्यवर्ती और पूंजीगत वस्तुएं आयात करता है। इनमें ऑटो पार्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे और मोबाइल फोन घटक शामिल हैं। मशीनरी और सक्रिय दवा सामग्री भी आयात की जाती है। इनका उपयोग तैयार माल के उत्पादन और घरेलू विनिर्माण में होता है। 2025-26 में भारत का चीन को निर्यात 37 फीसदी बढ़कर 19.47 अरब डॉलर हो गया। यह 2024-25 में 14.25 अरब डॉलर था। चीन से आयात 16 फीसदी बढ़कर 131.63 अरब डॉलर हो गया। व्यापार घाटा 2025-26 में 112.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

### सरकार के प्रयास और भविष्य की रणनीति

सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय कर रही है। उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना घरेलू कारोबारों को मूल्य श्रृंखला बनाने में मदद कर रही है। चीन पर आयात निर्भरता कम करने के लिए चीन-गहन वस्तुओं की पहचान की जा रही है। एक अंतर-मंत्रालयी समिति निर्यात और आयात की नियमित निगरानी करती है।

### निर्यात और आयात में वृद्धि

पिछले वित्तीय वर्ष में प्रिंटेड सर्किट बोर्ड और बिजली के उपकरणों के निर्यात में वृद्धि हुई। टेलीफोन सिस्टम, झींगा और एल्यूमीनियम सिल्लियां भी प्रमुख निर्यात वस्तुएं थीं। हालांकि, चीन के आयात में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए निर्यात बास्केट को व्यापक करना आवश्यक है। इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल मशीनरी और फार्मास्यूटिकल्स सामग्री के आयात में वृद्धि हुई है। ऑटो पार्ट्स, दूरसंचार उपकरण और औद्योगिक मशीनरी का आयात भी बढ़ा है।

# सरकार ने रूस से कच्चे तेल आयात के आंकड़े देने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** रूस से आयात होने वाले कच्चे तेल के आंकड़े साझा नहीं किए जा सकते, क्योंकि यह वाणिज्यिक और गोपनीय प्रकृति के हैं। पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) ने यह जानकारी दी। पीपीएसी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत काम करता है। वहीं, केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने भी इस फैसले का समर्थन किया। आयोग ने कहा कि यह मामला देश के रणनीतिक और आर्थिक हितों से जुड़ा है।



### आरटीआई आवेदन में क्या जानकारी मांगी गई?

सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत एक आवेदन दायर किया गया था। इसमें जून 2022 से जून 2025 के बीच रूस से आयात किए गए कच्चा तेल का ब्योरा मांगा गया था। इसमें भारतीय तेल निगम लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम निगम लिमिटेड (एचपीसीएल), तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) विदेश, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी कंपनियों की अलग-अलग जानकारी भी मांगी गई थी।

### केंद्रीय सूचना आयोग ने क्या कहा?

केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने यह जानकारी देने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि देश और कंपनियों की ओर से तेल आयात की अलग-अलग जानकारी वाणिज्यिक और गोपनीय है। इसलिए, 2005 के आरटीआई कानून की धारा 8 (1) (डी) और (ई) के तहत इसे साझा नहीं किया जा सकता।

## रोचक तथ्यों का करंट

- सबसे बड़ा हिमपात खंड बर्फ गिरते समय बर्फ का टुकड़ा 15 इंच चौड़ा और 8 इंच मोटा हो सकता है।
- धरती पर पहला ऐसा जानवर जिसने कोई सवाल पूछा हो, वो एक तोता है, Alex नाम के इस अफ्रीकी तोते ने पूछा कि वह किस रंग का है, इस तोते के पास इतना दिमाग है की 7 रंग और 35 अलग-अलग आकर पहचान सकता है।
- विश्व के सिर्फ 11 प्रतिशत लोग ही बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- यदि आप चाहते हैं की आपका ध्यान काम में लगा रहे तो बैकग्राउंड में हल्का म्यूजिक बजा दें।
- दुनिया में मौजूद सभी मनुष्यों का भार दुनिया में मौजूद चींटियों के भार जितना है।
- भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के 5वे स्थान पर हैं.
- कोड़े (Bullwhip) तीनों की गति इतनी तेज होती है कि इसकी आवाज किसी छोटे सुपर सोनिक बूम जैसी होती है।
- खाने का स्वाद उसमें लार यानी सलाइवा मिलने के बाद ही आता है।
- यदि मकड़ी को जलाया जाये तो वो बारूद की तरह फट जायगी।
- भारत का सबसे अमीर मंदिर Padmanabhaswamy Temple है।

## राशिफल

**मेष:** जातक नया काम शुरू करने से पहले विचार लें। आज का दिन कुछ खास अच्छा नहीं है। पढ़ाई लिखाई के लिए यह समय उत्तम है।

**वृष:** राशिवालों आज का दिन आज जातक को भाग्य से हर संभव सहायता मिलेगी ऑफिस में शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। सेहत अच्छा रहेगा।

**मिथुन:** आज का दिन जातक को सचेत रहने की आवश्यकता है। किसी भी तरह की अनहोनी हो सकती है, हर काम में बाधा आ सकती है।

**कर्क:** आज का दिन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा, परिवार के लोगों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। बड़ों के आशीर्वाद से दिन की शुरूआत करें, शुभ होगा।

**सिंह:** आज का दिन आज शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। हर तरफ आज का दिन जातक के लिए अच्छा रहेगा।

**कन्या:** विद्यार्थियों के लिए यह समय खास अच्छा नहीं है परीक्षा में निराशा सामना करना पड़ेगा माता की सेवा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होगी। दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा।

**तुला:** परिवार से हर संभव सहायता मिलेगी। अपने से बड़ों के साथ समय व्यतीत करना पसंद करेंगे। अपने गुरुजनों के सानिध्य में रहे समस्या का समाधान होगा।

**वृश्चिक:** परिवार के किसी सदस्य के कारण आज चिंता में रह सकते हैं। इस समय ऑफिस में सब आपके खिलाफ है। सतर्क रहें।

**धनु:** जातक को अपने स्वभाव पर काबू रखने की आवश्यकता है। किसी के साथ मतभेद पैदा हो सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में मन मुताबिक सफलता की प्राप्ति नहीं होगी।

**मकर:** आग और बिजली के समान से सावधान रहें। अनहोनी होने के योग हैं। आज किसी तरह का आरोप आप के ऊपर लग सकता है, सावधान रहें।

**कुंभ:** आज समय अच्छा नहीं हैं अशुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। विद्यार्थियों के लिए समय खास अच्छा नहीं है, परीक्षा में अशुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**मीन:** आज सेहत के प्रति सचेत रहें। ऑफिस में शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। अपने स्वभाव पर नियंत्रण रखने की जरूरत है।

## चुटकुले

पत्नी : सुनो, मैं घर छोड़कर जा रही हूं!
पति : कहाँ?
पत्नी : मायके!
पति : अच्छा है, मेरा भी थोड़ा खर्च बचेगा

---

दोस्त : भाई, तू Gym क्यों नहीं जाता?
दूसरा : क्योंकि मैं अपने शरीर से प्यार करता हूं

---

मम्मी : मोबाइल छोड़ दे, आँखें खराब हो जाएंगी
बेटा : मम्मी, आप भी तो टीवी देखती हो
मम्मी : वो तो अनुभव है, ये तेरी गलती है

---

पत्नी : तुम मुझसे कितना प्यार करते हो?
पति : Google से भी ज्यादा
पत्नी : सच में?
पति : हां, Google तो सबको जवाब देता है

---

टीचर : अगर धरती गोल है तो हम गिरते क्यों नहीं?
स्टूडेंट : क्योंकि हम सब "adjust" कर चुके हैं

---

डॉक्टर : आपको क्या तकलीफ है?
मरीज : नींद नहीं आती
डॉक्टर : मोबाइल कम चलाओ
मरीज : डॉक्टर साहब, इलाज बताओ त्याग नहीं

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 27 04 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



निशा अग्रवाल (अभिनेत्री)



सुनीता शर्मा | एकता गुप्ता | गुनगुन | नीरज चौधरी | सतीश शर्मा



प्रदीप कंसल | बी सिंह | सूर्य प्रकाश शर्मा | अंकित गौड़ | के पी चतुर्वेदी | अमित यादव



संजय पाल | नोसाद सैफी | मनोज कुमार शर्मा | संदीप तिवारी | पवन पांचाल | प्रवेश जैन

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com





# गुजरात के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध होंगे धोनी

**चेन्नई।** आईपीएल 2026 में रविवार को सीएसके और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला खेला जाएगा। सीएसके लिए सबसे बड़ी चिंता महेंद्र सिंह धोनी का उपलब्ध नहीं रहना है। इस मैच में देखना दिलचस्प होगा कि धोनी वापसी कर पाते हैं या नहीं।

पिछले कुछ मैचों शानदार प्रदर्शन करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले आईपीएल के मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ लगातार दो हार का सामना करने वाली गुजरात टाइटंस की टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए बेताब होगी। इस मैच में सभी की नजरें इस बात पर होंगी कि महेंद्र सिंह धोनी मैदान पर वापसी करेंगे या नहीं। हालांकि, उनके उपलब्ध रहने की उम्मीद कम ही है।

सीएसके ने की है वापसी

सीएसके ने इस सत्र की शुरूआत अच्छी नहीं की थी लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है। इसमें मुंबई इंडियंस पर 103 रन की जीत भी शामिल है, जिसमें संजू सैमसन ने सत्र का अपना दूसरा शतक लगाया था। ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली सीएसके के अभी छह अंक हैं और वह प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए आगे किसी भी तरह की गलतियों से बचने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

सीएसके की टीम अभी अच्छी स्थिति में नजर आ रही है। मुंबई के खिलाफ उसे सैमसन की शानदार पारी और अकील हुसैन की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन के कारण बड़ी जीत मिली। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसने यह जीत अपने स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी (पिंडली की चोट) और युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे (हैमस्ट्रिंग की चोट) के बिना हासिल की। सीएसके के लिए हालांकि कुछ क्षेत्र चिंता का विषय बने हुए हैं। उसके शीर्ष क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन मध्य क्रम आक्रामक बल्लेबाजी करने और साझेदारी निभाने में नाकाम रहा है। गुजरात के पास प्रसिद्ध कृष्णा, कागिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज जैसे तेज गेंदबाज हैं, जबकि युवा अशोक शर्मा ने भी छह विकेट लेकर योगदान दिया है। स्पिन गेंदबाजी विभाग में राशिद खान एकमात्र भरोसेमंद विकल्प बने हुए हैं, क्योंकि मानव सुथार ने अब तक केवल एक मैच खेला है और वाशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन भी कुछ खास प्रभावशाली नहीं रहा है।

### अवसरों का फायदा उठाने में नाकाम रही है गुजरात

गुजरात टाइटंस की टीम अभी तक अवसरों का फायदा उठाने में नाकाम रही है। उसे पिछले दो मैच में हार का सामना करना पड़ा है। उसे मुंबई इंडियंस ने 99 रन और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पांच विकेट से हराया। उसके छह अंक है लेकिन खराब रन रेट के कारण वह सातवें स्थान पर है। आक्रामक बल्लेबाजी को बढ़ावा देने वाले प्रारूप में उनका रूढ़िवादी दृष्टिकोण हमेशा कारगर साबित नहीं हुआ है। विशेष रूप से मध्य क्रम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और वे अक्सर अच्छी शुरूआत का लाभ उठाने में विफल रहे हैं।



### इस मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11:

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, जेसन होल्डर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, मानव सुथार, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज।

**सीएसके:** ऋतुराज गायकाड़ (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), सरफराज खान, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा, जैमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, गुरजपनीत सिंह, मुकेश चौधरी।

# सैमसन IPL में सबसे कम गेंदों में 5000 रन बनाने वाले तीसरे, टी20 में रबाडा का तीसरी बार बने शिकार

**चेन्नई।** गुजरात के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में चेन्नई के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने बड़ी उपलब्धि हासिल की।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह आईपीएल में सबसे कम गेंदों में पांच हजार रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने सुरेश रैना और महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ दिया।

सीएसके का सामना चेपॉक स्टेडियम में रविवार को गुजरात से हुआ। इस मुकाबले में सैमसन दो चौकों की मदद से सिर्फ 11 रन बना पाए, लेकिन वह आईपीएल में पांच हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए।

इतना ही नहीं वह यह कारनामा सबसे कम गेंदों में करने वाले तीसरे बल्लेबाज भी बन गए। सबसे कम गेंदों में आईपीएल में पांच हजार रन पूरे करने का रिकॉर्ड एबी डिविलियर्स के नाम है, जिन्होंने 3288 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

दूसरे स्थान पर डेविड वॉर्नर हैं, जिन्होंने 3554 गेंदों का सहारा लिया। वहीं, तीसरे स्थान पर संजू सैमसन हैं, जिन्होंने 3555 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की। चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर क्रमशः सुरेश रैना (3620 गेंदें), केएल राहुल (3688 गेंदें) और महेंद्र सिंह धोनी (3691 गेंदें) हैं।

**टी20 में रबाडा ने तीसरी बार**



**सैमसन को भेजा पवेलियन**

गुजरात को पहली सफलता कगिसो रबाडा ने दिलाई। उन्होंने संजू सैमसन को चौथे ओवर की तीसरी गेंद पर जोस बटलर के हाथों कैच कराया। टी20 क्रिकेट की पांच पारियों में ऐसा तीसरी बार हुआ है, जब रबाडा ने सैमसन को पवेलियन की राह दिखाई है। 28 गेंदों में सैमसन इस गेंदबाज के खिलाफ 37 रन बना पाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 132.14 का रहा है।

# जब प्रीति जिंटा से गले लगकर गदगद हुए युजवेंद्र चहल

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ ऐतिहासिक रन चेज कर शानदार जीत दर्ज की, जिसके बाद टीम में जश्न का माहौल दिखा। जश्न के दौरान युजवेंद्र चहल और प्रीति जिंटा की मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

आईपीएल 2026 का 35वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। अरुण जेट्ली स्टेडियम में खेले गए मैच में पंजाब ने दिल्ली को छह विकेट से हराकर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज किया। पंजाब किंग्स की शानदार जीत के जश्न में टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा भी शामिल हुईं। सोशल मीडिया पर उनकी तमाम तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

### प्रीति जिंटा भी हुईं जीत के जश्न में शामिल

टीम की इस ऐतिहासिक जीत के बाद मैदान पर जश्न का माहौल देखने लायक था। खिलाड़ियों के साथ-साथ टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा भी बेहद उत्साहित नजर आईं और उन्होंने मैदान पर आकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

इस दौरान एक खास पल तब देखने को मिला जब युजवेंद्र चहल ने प्रीति जिंटा को गले लगाकर अपनी खुशी जाहिर की। यह भावुक और खुशनुमा पल कैमरों में कैद हो गया और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फैंस इस तस्वीर को खूब पसंद कर रहे हैं और अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।



# लीग चरण में आधे से ज्यादा मैच हुए पूरे, कोहली से छिनी ऑरेंज कैप

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में कुल 70 लीग चरण के मुकाबले खेले जाने हैं और अब तक मौजूदा सीजन में 36 मैच पूरे हो गए हैं। सभी 10 टीमों ने आधा सफर तय कर लिया है। पहले चरण में पंजाब किंग्स का दबदबा देखने को मिला क्योंकि इस टीम ने अभी तक एक भी मैच नहीं गंवाया है और वह शीर्ष पर बनी हुई है। अब यहां से आईपीएल का मौजूदा सीजन रोमांचक हो जाएगा क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ बेहद कठिन होगी। यहां से जो भी टीम मैच हारेगी, उसके लिए आगे का सफर मुश्किल होता चला जाएगा।

### आईपीएल 2026 की अंक तालिका

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | +1.333 |
| 2 | आरसीबी | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | +1.101 |
| 3 | हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | +0.815 |
| 4 | राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | +0.602 |
| 5 | सीएसके | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | +0.118 |
| 6 | दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.184 |
| 7 | गुजरात | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.790 |
| 8 | मुंबई | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 9 | लखनऊ | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10 | केकेआर | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |



आईपीएल 2026 में शनिवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल किया, तो दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 229 रन का लक्ष्य हासिल किया। आइए देखते हैं कि राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के मैच के बाद अंक तालिका में कौन सी टीम किस स्थान पर है और ऑरेंज और पर्पल कैप फिलहाल किस खिलाड़ी के पास है...

पंजाब शीर्ष पर बरकरार

अंक तालिका में पंजाब किंग्स ने अपना दबदबा बरकरार रखा है। पंजाब सात मैचों से 13 अंक लेकर पहले स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सात मैचों से 10 अंक लेकर दूसरे, सनराइजर्स हैदराबाद आठ मैचों से 10 अंक लेकर तीसरे और राजस्थान रॉयल्स आठ मैचों से 10 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स सात मैचों से छह अंक लेकर पांचवें, दिल्ली कैपिटल्स सात मैचों से 6 अंक लेकर छठे, गुजरात टाइटंस सात मैचों से छह अंक लेकर सातवें, मुंबई इंडियंस सात मैचों से चार अंक लेकर आठवें, लखनऊ सुपर जाएंट्स सात मैचों से चार अंक लेकर नौवें, और कोलकाता नाइट राइडर्स सात मैचों से तीन अंक लेकर 10वें स्थान पर है। समान अंक के बावजूद टीमों की रैंकिंग में नेट रन रेट की वजह से अंतर है।

**ऑरेंज-पर्पल की दौड़ में कौन आगे:** ऑरेंज कैप सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पास है। अभिषेक ने राजस्थान के खिलाफ 29 गेंदों पर 57 रन की पारी खेलकर इसे हासिल किया। अभिषेक के आठ मैचों की आठ पारियों में 380 रन हो गए हैं। इसमें 36 चौके और 28 छक्के शामिल हैं। केएल राहुल सात मैचों की सात पारियों में 357 रन बनाकर दूसरे और वैभव सूर्यवंशी आठ मैचों में 357 रन बनाकर तीसरे स्थान पर हैं। मालूम हो कि शनिवार को केएल राहुल और वैभव दोनों ने शतक लगाया था, लेकिन दोनों की टीमों को हार का सामना करना पड़ा। पंजाब के खिलाफ दिल्ली के लिए राहुल ने 67 गेंदों पर नाबाद 152 रन की पारी खेली थी, जबकि राजस्थान के वैभव ने हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 103 रन बनाए थे। सीएसके के अंशुल कंबोज के पास पर्पल कैप है। कंबोज ने सात मैचों में 14 विकेट लिए हैं।

### बैडमिंटन के नए नियम पर रार: विमल कुमार ने 3७15 स्कोरिंग सिस्टम की आलोचना की

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बैडमिंटन कोच विमल कुमार ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के नए 3७15 स्कोरिंग सिस्टम को शुरू करने के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि नए नियम से खेल कमजोर होगा। कुमार ने काउंसिल मेंबर्स से इस प्रस्ताव को मिले सपोर्ट पर चिंता जताई। विमल कुमार ने कहा, बीडब्ल्यूएफ के स्कोरिंग सिस्टम में बदलाव करने के फैसले से बहुत निराश हूं। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि काउंसिल मेंबर्स से इसे जबरदस्त समर्थन मिला है। मौजूदा फॉर्मेट ने सभी खेलने के स्टाइल में, खासकर मेन इवेंट्स–पुरुष और महिला एकल में एक जैसा मौका सुनिश्चित किया। स्किल, लचीलापन, फिटनेस और मेंटल स्ट्रेंथ हमेशा हमारे खेल की खासियत रही है। अवधि को असरदार तरीके से कम करके बीडब्ल्यूएफ इन इवेंट्स को कमजोर करने का जोखिम उठा रहा है।

### 41 की उम्र में भी खुद को किस तरह फिट रखते हैं रोनाल्डो

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो 41 की उम्र में अपनी फुर्ती से कई युवा खिलाड़ियों को मात दे देते हैं। वह अपने खेल का स्तर शीर्ष पर बनाए रखे हैं।

**दूध को डायट से रखते हैं दूर**

रोनाल्डो अपनी डायट से दूध को पूरी तरह बाहर रखते हैं। वह प्रोटीन, सब्जियों और हैल्दी फैट्स पर जोर देते हैं। वहीं, चीनी और आटे से बनीं चीजों से परहेज करते हैं।

उनके पूर्व निजी शेफ जियोर्जियो बारोने के अनुसार, रोनाल्डो के डाइट से दूध को न सिर्फ परफॉर्मेंस के कारण बल्कि मान्याताओं के चलते पूरी तरह हटा दिया गया है। वह कहते हैं, इंसान ही है जो दूसरे जानवरों का दूध पीता है।

# अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद आया लुंगी एनगिडी का रिएक्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पहली प्रतिक्रिया दी।

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर उनके लिए दुआएं करने वालों को धन्यवाद कहा और बताया कि अब उनकी हालत ठीक है।

### चोट को लेकर क्या बोले गेंदबाज



दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोटिल हो गए थे। यह हादसा पंजाब की पारी के तीसरे ओवर में हुआ। मिड-ऑफ से दौड़ते हुए कैच लेने की कोशिश में एनगिडी संतुलन खो बैठे और गिरते समय उनके सिर का पिछला हिस्सा जमीन से जोर से टकरा गया।

चोट इतनी गंभीर थी कि तुरंत फिजियो को मैदान पर बुलाना पड़ा। मेडिकल टीम ने एहतियातन उनके गले में नेक ब्रेस लगाया और स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। इसके बाद एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल भेजा गया। राहत की बात यह रही कि इलाज के दौरान वह होश में थे और डॉक्टरों से बातचीत भी कर रहे थे।

### दिल्ली पुलिस ने बनाया ग्रीन कॉरिडोर

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने स्टेडियम से अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया। भारी ट्रैफिक के बावजूद एनगिडी को महज 11 मिनट में अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उन्हें समय पर इलाज मिल सका।

### अस्पताल से मिली छुट्टी

एनगिडी को मैच के दौरान चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन अब उन्हें छुट्टी दे दी गई है। पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान उनके सिर और गर्दन के पिछले हिस्से में चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। टीम के अनुसार, उनकी हालत अब स्थिर है और फिलहाल कोई खतरा नहीं है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ समय आराम करने की सलाह दी है।

# रियान पराग की फॉर्म से चिंतित नहीं बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, जल्द बड़ी खेलने की उम्मीद जताई

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग का बल्ला आईपीएल 2026 में नहीं चल पा रहा है। लेकिन टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ इससे चिंतित नहीं हैं। राठौड़ को भरोसा है कि रियान जल्द ही बड़ी पारी खेलेंगे।

राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि कप्तान रियान पराग का आईपीएल के वर्तमान सत्र में पहले आठ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन चिंता का विषय नहीं है और उम्मीद जताई कि वह जल्द ही बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहेंगे। भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल की मौजूदगी के बावजूद राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी के लिए रियान का चयन चर्चा का विषय रहा है। उन्होंने आठ मैचों में 112.82 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 88 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 20 है।



राठौड़ बोले- रियान की बल्लेबाजी में कोई खामी नहीं

राठौड़ ने कहा, रियान की बल्लेबाजी में कोई खामी नहीं है। वह अभ्यास के दौरान अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कभी-कभी खेल में ऐसा ही होता है। कभी-कभी आप ऐसे दौर से गुजरते हैं जहां आप उतने रन नहीं बना पाते जितने बनाना चाहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि यह खेल का हिस्सा है। वह वापसी करेंगे और मजबूत वापसी करेंगे। मुझे पूरा यकीन है। हम उनकी बल्लेबाजी को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

वैभव सूर्यवंशी (234 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 357 रन), यशस्वी जायसवाल (153 के स्ट्राइक रेट से 255 रन) और ध्रुव जुरेल (130 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 232 रन) के शानदार प्रदर्शन के सामने रियान का प्रदर्शन फीका पड़ जाता है। वह रवींद्र जडेजा (132) और डोनोवन फरेरा (130) से भी पीछे हैं।

# ईशान किशन ने दी वैभव को धमकी! फिर भी भारी पड़े RR के बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** हैदराबाद के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी की शतकीय पारी ने प्रशंसकों के साथ-साथ खिलाड़ियों के भी दिल जीत लिए। मुकाबले बाद सनराइजर्स के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन ने सूर्यवंशी के साथ मेजदार बातचीत का खुलासा किया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने भले ही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को जयपुर में खेला गया आईपीएल मुकाबला जीत लिया, लेकिन इस मैच में राजस्थान के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपने धमाकेदार प्रदर्शन से विपक्षी टीम के गेंदबाजों की जमकर क्लास ली। मैच के बाद ईशान किशन ने वैभव के साथ मजेदार बातचीत का खुलासा किया।

### सूर्यवंशी की बल्लेबाजी पर क्या बोले किशन?

मैच के बाद बातचीत में किशन ने कहा कि अगर सूर्यवंशी कुछ और देर क्रीज पर टिक जाते, तो स्कोर 250 के पार भी जा सकता था। उन्होंने माना कि उनका विकेट हैदराबाद के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। किशन ने कहा, 'वो जिस तरह बल्लेबाजी कर रहा है, उसे देखकर कभी-कभी डर लगता है कि स्कोर कितना बड़ा हो सकता था। इसलिए उसका विकेट लेना हमारे लिए बहुत जरूरी था। 228 का स्कोर 258 भी हो सकता था। मैंने उससे मजाक में कहा जब तुम हमारे खिलाफ खेलो तो थोड़ा आसान खेलना, मुझे तुम्हारे सारे सीक्रेट्स पता हैं।'



### 'मुझे तुम्हारे सारे राज पता हैं'

हैदराबाद की जीत के बाद किशन ने बताया कि उन्होंने 15 वर्षीय सूर्यवंशी से हंसते हुए कहा था कि वे उनकी टीम पर थोड़ा रहम करें क्योंकि उन्हें उनके सारे राज पता हैं। लेकिन किशन की इस बात का असर मैदान पर नहीं दिखा। सूर्यवंशी ने विस्फोटक बल्लेबाजी जारी रखते हुए सिर्फ 36 गेंदों में शतक जड़ दिया और राजस्थान को 228 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

नंबर-तीन पर किशन की सोच

इस मैच में किशन ने खुद भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 31 गेंदों में 74 रन बनाए और अभिषेक शर्मा के साथ 132 रनों की साझेदारी की। उनकी इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। किशन ने नंबर-तीन पर बल्लेबाजी को लेकर अपनी रणनीति साझा करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य बाकी बल्लेबाजों का काम आसान बनाना होता है। उन्होंने कहा, 'अगर आप सेट हो जाते हैं, तो आपको बड़ा स्कोर बनाना चाहिए और अंत तक खेलना चाहिए। इससे दूसरे बल्लेबाजों पर दबाव कम होता है। मेरी सोच बस यही है कि चीजों को सरल रखा जाए और एक-एक मैच पर ध्यान दिया जाए।'

### गलतियों से सीखने पर फोकस

किशन ने यह भी माना कि उन्होंने अपने करियर में कई गलतियां की हैं और अब उनका फोकस उन्हें दोहराने से बचना है। उन्होंने कहा, 'यह टीम गेम है। जब आप अच्छा खेलते हैं, तो बाकी खिलाड़ी भी उससे सीखते हैं। मैंने भी कई गलतियां की हैं, इसलिए मेरी कोशिश रहती है कि उन्हें दोहराऊं नहीं, हालांकि इस मैच में अंत में मुझसे फिर एक गलती हो गई।'

# जयपुर में हैदराबाद का सबसे बड़ा सफल रनचेज

## जीत का चौका लगाकर सनराइजर्स तीसरे स्थान पर पहुंची

**जयपुर।** सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल मुकाबले में पांच विकेट से हरा दिया। शनिवार को खेले गए मैच में राजस्थान ने 228 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने पांच विकेट के शेष रहते 229 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

ईशान मलिंगा की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के बाद अभिषेक शर्मा और ईशान किशन की शतकीय साझेदारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया। शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी की शतकीय और ध्रुव जुरेल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद ने 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 229 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### हैदराबाद का सफल रनचेज



आईपीएल इतिहास में हैदराबाद का इस मैदान पर सबसे बड़ा सफल रनचेज है। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ 2023 में 215 रनों का स्कोर इसी मैदान पर सफलतापूर्वक चेज किया था। वहीं, 200 से ज्यादा के लक्ष्य का पीछा करते हुए यह हैदराबाद की पांचवीं जीत है जबकि आईपीएल में राजस्थान के खिलाफ यह हैदराबाद की लगातार छठी जीत भी है।

### तीसरे स्थान पर पहुंची हैदराबाद

लगातार चार मुकाबलों में जीत के साथ सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2026 की अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। अब टीम के खाते में 10 अंक हो गए और नेट रन रेट +0.815 का हो गया है। वहीं, राजस्थान आठ में से तीन मुकाबले हारकर चौथे पायदान पर है। हालांकि, उनके खाते में भी 10 ही अंक हैं। फिलहाल 13 अंकों के साथ पंजाब किंग्स शीर्ष पर मौजूद है, जिसने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को हराया था। गत विजेता आरसीबी 10 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

### ईशान और अभिषेक की शतकीय साझेदारी

229 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की शुरूआत अच्छी नहीं रही। ट्रेविस हेड पांच गेंदों में महज छह रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने मोर्चा संभाला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए महज 55 गेंदों में 132 रनों की साझेदारी निभाई। अभिषेक ने 29 गेंदों में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 57 रन बनाए। वहीं, ईशान ने 31 गेंदों में 74 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में ईशान ने 11 चौके और तीन छक्के लगाए।

अभिषेक-ईशान के पवेलियन लौटने के बाद हेनरिक क्लासेन और नीतीश कुमार रेड्डी ने टीम की नैया को पार लगाने का जिम्मा उठाया। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 31 गेंदों में 53 रनों की अहम साझेदारी निभाई। नीतीश 18 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए। क्लासेन ने 24 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाए। सलिल अरोड़ा आठ और अनिकेत वर्मा एक रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान रॉयल्स की ओर से गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर और बृजेश शर्मा ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं, फरेरा ने एक विकेट निकाला।

# गाजियाबाद आसपास




# महर्षि दयानंद विद्यापीठ के रजत जयन्ती समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत की गरिमामय उपस्थिति






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गोविंदपुरम् स्थित महर्षि दयानंद विद्यापीठ में 25वां वार्षिकोत्सव (रजत जयन्ती समारोह) भव्यता और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने की।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के निदेशक शचीन्द्रनाथ त्यागी ने अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया, वहीं प्रबंधन प्रतिनिधि अवधेश वत्स ने अंगवस्त्र भेंट किया। मुख्य अतिथि का स्वागत मुख्य द्वार पर प्रबंधक राजेश पाल तथा मंच पर अध्यक्ष सुभाष त्यागी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की वार्षिक पत्रिका ह्यऋषिकुलह्ण एवं ह्यविद्यालय के 25 वर्षह्ण स्मारिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर 58 मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में शील्ड, मेडल, प्रमाण-पत्र एवं नगद छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। प्रोफेसर रत्न सिंह पुरस्कार, स्क्वाड्रन लीडर सुनील कुमार मेमोरियल पुरस्कार, राजकली देवी बालिका सम्मान, रामानुज त्यागी विज्ञान प्रतिभा खोज पुरस्कार तथा चंद्रावती एवं संतोष त्यागी स्मृति पुरस्कार सहित कई सम्मान वितरित किए गए। इसके अलावा बेस्ट मॉनिटर, बेस्ट प्रीफेक्ट, बेस्ट एथलीट, सिंगर एवं डांसर जैसी श्रेणियों में भी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, संस्कृत प्रस्तुति और विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलकियों से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। प्रधानाचार्या डॉ. सीमा सेठी ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों और भावी योजनाओं की जानकारी दी।

### वैदिक परंपरा और आधुनिक शिक्षा का संतुलन ही राष्ट्र को आगे बढ़ाएगा : आचार्य देवव्रत

**करंट क्राइम।** मुख्य अतिथि आचार्य देवव्रत ने अपने संबोधन में महर्षि दयानंद के विचारों को प्रासंगिक बताते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही राष्ट्र सशक्त बनता है। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे वैदिक परंपरा का सशक्त वाहक बताया।





### संस्कारयुक्त शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण बना महर्षि दयानंद विद्यापीठ : सुनील कुमार शर्मा

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि यह विद्यालय कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणा है। विद्यार्थियों द्वारा तैयार चॉकलेट, नानखटाई तथा स्केच मुख्य अतिथि को भेंट किए गए। साथ ही विद्यालय से संबंधित पुस्तकों का भी अतिथियों को वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राइमरी विंग की प्रधानाचार्या कोमल त्यागी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### बालेश्वर त्यागी ने रखा वैदिक शिक्षा के विस्तार का संकल्प

**करंट क्राइम।** विद्यालय के संरक्षक बालेश्वर त्यागी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वैदिक विचारों को जीवन में उतारना ही सच्ची शिक्षा है। उन्होंने बताया कि समाज के सहयोग से विद्यालय को आदर्श शिक्षण संस्थान बनाने का सतत प्रयास किया जा रहा है, जहां सकारात्मक वातावरण में विद्यार्थियों और शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राज्यपाल की उपस्थिति के चलते रक्षा मंत्रालय की ओर से विद्यालय के 100 विद्यार्थियों के लिए एनसीसी की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो संस्थान के लिए गौरव का विषय है।

# साहिबाबाद विधानसभा प्रशिक्षण महाभियान संपन्न महिला शक्ति ने पेश की मिसाल




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधानसभा प्रशिक्षण महाभियान का सफल आयोजन सूर्य नगर स्थित प्लेटिनम इंटरनेशनल स्कूल में किया गया।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के दिशा-निर्देशन एवं वर्ग प्रभारी योगेश त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं का वैचारिक और कौशल विकास करना रहा।

प्रशिक्षण वर्ग का सबसे आकर्षक केंद्र सातवां सत्र रहा, जहां भाजपा के समावेशी स्वरूप का उदाहरण देते हुए महिला शक्ति को कमान सौंपी गई। इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में महानगर आईटी सह-संयोजक सुषमा गंगवार ने 'सोशल मीडिया' विषय पर प्रभावी संबोधन दिया। इस प्रयोग की सराहना करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा में हर कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी के लिए तैयार किया जाता है।

दो दिवसीय इस शिविर का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री (किसान मोर्चा) नरेश सिरोही ने प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ किया। उन्होंने 'वैचारिक अधिष्ठान' पर प्रकाश डाला। वीरेश्वर त्यागी ने 'भाजपा का इतिहास एवं विकास' पर चर्चा की। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने 'कार्य विस्तार' विषय पर मार्गदर्शन दिया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी ने 'बूथ प्रबंधन' की बारीकियां सिखाईं। अंतिम सत्र में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सरकार की उपलब्धियों को कार्यकताओं के बीच रखा।

शिविर का संचालन महानगर उपाध्यक्ष विनोद कसाना ने किया। इस दौरान रनिता सिंह, तरुण शर्मा, शशि खेमका और संजीव शर्मा सहित सैकड़ों कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अनुशासन और समयबद्धता के साथ संपन्न हुए इस वर्ग से कार्यकताओं में नए उत्साह का संचार हुआ है।

इस अवसर पर महानगर की उपाध्यक्ष रनिता सिंह तरुण शर्मा शशि खेमका नागेंद्र चौहान श अनीता शर्मा ,सुधीर त्यागी संदीप चौधरी, आशीष चौधरी ,विनय चौधरी,सुशील सिंह, एसके अग्नहोत्री संजीव शर्मा मंजुला गुप्ता विनीत त्यागी राम कुमार विक्रम चौधरी आदि लोगों के अथक प्रयास से प्रशिक्षण वर्ग को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# ऑपरेशन हुड़दंग का असर खुले में शराब पीने वालों पर पुलिस की सख्ती

## कोतवाली से मसूरी तक चला अभियान, चालान और सख्त चेतावनी के साथ कई पर कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन हुड़दंग के तहत शनिवार रात शहरभर में सख्त अभियान चलाया गया। इस दौरान कोतवाली क्षेत्र से लेकर कविनगर, मसूरी और अन्य प्रमुख इलाकों में खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई।

पुलिस टीमों ने विभिन्न बाजारों, मुख्य सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिन्हित किया जो सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर माहौल खराब कर रहे थे। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के चालान काटे गए, जबकि कई को मौके पर ही सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया। कुछ मामलों में पुलिस अधिकारियों ने फटकार लगाकर भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत भी दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को कानून का पालन करने के प्रति जागरूक करना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। खासतौर पर नशे की हालत में वाहन चलाने वालों और सार्वजनिक शांति भंग करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और मोहल्लों में नियमित रूप से चेकिंग कर कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना और नशे में वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे समाज में अव्यवस्था फैलती है। ऐसे में सभी नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

### स्वागत



साहिबाबाद (करंट क्राइम) भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग का रविवार को यूपी गेट पर भाजपा नेता योगेश भाटी ने कार्यकताओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। तरुण चुग ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हरनंदी महानगर में आरएसएस की शारीरिक प्रधान कार्यक्रम प्रतियोगिता संपन्न




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हरनंदी महानगर द्वारा रविवार को कार्ल हूबर स्कूल में शारीरिक प्रधान कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महानगर के 15 नगरों के स्वयंसेवकों ने विभिन्न शारीरिक विषयों पर प्रदर्शन किया।

मूल्यांकन के बाद इंदिरापुरम पश्चिम प्रथम, इंदिरापुरम मध्य द्वितीय और ओम नगर तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य वक्ता प्रान्त कार्यवाह श्री शिव कुमार ने कहा कि श्रद्धा, नम्रता और योग्यता के साथ सभी आयु वर्ग के स्वयंसेवकों ने एकरूपता से प्रदर्शन किया। उन्होंने दंड संचालन, भागदौड़ खेल और समूह गान की सराहना की। शिव कुमार ने कहा कि शारीरिक कार्यक्रम अनुशासन, संस्कार और एकरूपता सिखाते हैं। उन्होंने शताब्दी वर्ष में जाति-पाँति का भेद मिटाने का आह्वान करते हुए कहा, हिंदू-हिंदू भाई-भाई की भावना रखनी चाहिए। जाति सम्मान का विषय हो सकती है, अभिमान का नहीं। स्वयंसेवक को अहम से दूर रहकर निष्ठा से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरनंदी महानगर की टीम बस्ती स्तर तक कार्य ले जा रही है। नशाखोरी जैसी कुरीतियों को दूर कर एकात्म भाव से श्रेष्ठ भारत का निर्माण करना है, ताकि भारत पुनः विश्वगुरु बने। कार्यक्रम में महानगर संघचालक प्रदीप कुमार, महानगर कार्यवाह अमरदीप, महानगर प्रचारक राजन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

## भाजपा सरकार जनता के भरोसे पर खरी नहीं उतरी: श्यामलाल पाल




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजपाल कश्यप उपस्थित रहे।

मुल्तानीमल मोदी कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ गिरीश मथुरिया सैन के नेतृत्व में व संचालन पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्यामलाल पाल ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह सरकार जनता के भरोसे पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार अपने ही लोगों को न्याय दिलाने में असफल है, तो आम जनता को न्याय कैसे मिल पाएगा। डॉ0 राजपाल कश्यप ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर पीडीए समाज तेजी से एकजुट हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश में पुनः समाजवादी सरकार का गठन होगा, जो विकास और सामाजिक न्याय को नई दिशा देगा। हजारों की भीड़ देख प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कार्यक्रम के आयोजक गिरीश मथुरिया सैनकी पीठ थपथपाई और सफल आयोजन के लिये बधाई दी। वक्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, प्रदेश सचिव कालूराम धामा, रामकिशोर अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा रुहेला, विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत धामा, सिकंदर यादव, बोबी सैन, सुरेंद्र त्यागी, प्रदीप शर्मा, बबलू उपाध्याय, राजदेवी चैधरी, महिला जिला अध्यक्ष दुर्गेश, कमलेश चैधरी, ललित गुर्जर, मनीष बंसल, विक्की ठाकुर, अंकित गुर्जर, यूसुफ खान, महक सिंह जाटव, राहुल सैन, राहुल चैधरी, अजय रुहेला, विपिन रुहेला, रामनिवास रुहेला, फैजान अंसारी, फैसल, अभिषेक, शौरभ अग्रवाल, सुशील शर्मा, सागर यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




# बात है सही जमकर आ रहे हैं पैरवी वाले फोन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों एक अलग ही मामला चल रहा है। उधर पुलिस के बेहद विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पोस्टिंग के लिए सिफारिश वाले लगातार फोन आ रहे हैं। कोई थाने का जुगाड़ लगवा रहा है, तो कोई एसीपी साहब की वकालत कर रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी स्तर के अधिकारियों का बड़े स्तर पर बादल होना है। जिसको लेकर अभी से सिफारिश के लिए फोन आने शुरू हो गए हैं। कोई अपने को बेस्ट सर्किल के लिए बेस्ट कहलवा रहा है, तो कोई अपनी दाल गल जाए, इसके लिए लगा हुआ है। तो कोई इस बात के लिए अभी से संपर्क सूत्र तलाश रहा है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मई का दूसरा सप्ताह फिर लोकल तबादलों के नाम रह सकता है। बताया जा रहा है कि देहात के तीन थाने, सिटी के भी तीन और नदिया पार के दो से तीन थानों के समीकरण बदलने की उम्मीद है। बताया जा रहा है की लिस्ट में आधा दर्जन से अधिक नाम रहने वाले हैं, तो कुछ को प्रमोशन भी मिलने की संभावना है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से फोन आ रहे हैं, उससे वह थोड़े अटेंशन में आ गए हैं। बताया जा रहा है कि अनुमोदन वाली टीम भी कई फेस तलाश रही है लेकिन रेस वालों पर भरोसा कितना होगा, यह पता नहीं है। इन सबके बीच जानकारी है कि जो एसीपी स्तर वाली लिस्ट थी, उसमें भी वेट हो सकता है। पास वाले कमिश्नरेट का जो मामला फंसा था, जिसकी वजह से पासिंग आउट वाला मामला भी लेट हुआ है, वह महीना खत्म होने पर तनख्वाह मिलने को लेकर फिर उलझ भी सकता है। जिसका पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर भी असर हो सकता है। इसी को लेकर एहतियात बरता जा रहा है। बताया जा रहा है कि लखनऊ वाली लिस्ट में भी थोड़ा डिले हो सकता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से एडीसीपी स्तर पर प्रमोशन पाने वाले चारों फेस कमिश्नरेट से आउट हो गए हैं। तो इनके सर्किल पर आजकल दूसरे एसीपी साहब लोग कमान संभाले हुए हैं। तो कुल मिलाकर कहा जाए तो चार एसीपी आने को तैयार हैं, तो तीन समय पूरा होने के बाद बाहर जाने वाली लिस्ट में रहेंगे। अब देखना होगा कि अब मई की किस डेट में बड़ी वाली लिस्ट और फिर लोकल वाली लिस्ट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के समीकरण और फेस बदलने का काम करवाती है।




# निष्काम सेवक जत्था समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** निष्काम सेवक जत्था समिति रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कई लोगों ने स्वच्छा से रक्तदान कर पुण्य कमाया। निष्काम भवन में जीवन चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। समाज सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए युवाओं, महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों ने भी इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी निभाई इस दौरान पूर्व विधायक प0 सुदेश शर्मा, चेयरमैन विनोद वैशाली, मोदी समूह के वरिष्ठ प्रबंधक एनपी बंसल, अनमोल बंसल, भाजपा महिला नेत्री अपराजिता सिंह व वरिष्ठ कथावाचक अरविंद ओझा सहित नगर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राजनगर एक्सटेंशन में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## गुलमोहर गार्डन सोसाइटी में भव्य आयोजन, सैकड़ों लोगों की उपस्थिति, समाज के गणमान्य व्यक्तियों का हुआ सम्मान





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित गुलमोहर गार्डन सोसाइटी में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। इसकी अध्यक्षता ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित द्विजेंद्र शर्मा ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में कोर कमेटी सदस्य ममता शर्मा मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि पंडित जे.के. गौड़ (राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा) सहित विशिष्ट अतिथि अजय शर्मा, मुकेश पंडित और संजीव शर्मा ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मंच संचालन प्रसिद्ध कवि वैभव शर्मा ने ओजस्वी शैली में किया। इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित सदस्यों एवं प्रबुद्ध नागरिकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक पंडित शिवेंद्र गौड़ और पंडित पीयूष मिश्र रहे। समाज के सचिव पंडित चंद्रमोहन शर्मा ने वर्षभर किए गए सामाजिक कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिक्षा, चिकित्सा सहायता और धार्मिक जागरूकता के क्षेत्र में समाज निरंतर सक्रिय है।

मुख्य अतिथि पंडित जे.के. गौड़ ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर समाज को संगठित करने का आह्वान किया और अगले वर्ष भव्य शोभायात्रा निकालने का प्रस्ताव रखा। मुख्य वक्ता ममता शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम अन्याय के खिलाफ शक्ति और शास्त्र के समन्वय के प्रतीक हैं, जिनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। अंत में अध्यक्ष पंडित द्विजेंद्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज के उत्थान के लिए एकजुट रहने का संदेश दिया। भोजन प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता व राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरडी शर्मा , भाजपा नेता राजेश चतुर्वेदी , भाजपा नेता उमा शंकर शर्मा , मंडल अध्यक्ष नंदग्राम हेमंत त्यागी , मंडल मंत्री विपिन शर्मा , पूर्व अध्यक्ष गुलमोहर सोसाइटी अभिषेक पांडे , वरिष्ठ समाजसेवी राजन त्रिपाठी ,भाजपा नेता गौरव शर्मा सिहानी , हिमांशु शर्मा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा गाजियाबाद , वरिष्ठ एडवोकेट गौरव मिश्रा राउज एवेन्यू , एडवोकेट आशीष शर्मा आदि लोग सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे ।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया गौतम बुद्धनगर के खगौड़ा गांव में उस डिग्री कॉलेज में पहुंचे जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वीकृत किया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया यहां भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने इस पल को अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

# ट्रंप पर हमला: सीक्रेट रूम में हथियार तैयार कर मचाया तांडव, चश्मदीद ने बयां किया आंखों देखा खौफनाक मंजर



**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस डिनर के दौरान हमलावर ने सुरक्षा में चूक का फायदा उठाकर असुरक्षित कमरे में हथियार तैयार किया और अंधाधुंध फायरिंग की। राष्ट्रपति ट्रंप को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि आरोपी कोल एलन को गिरफ्तार कर लिया गया है। वालंटियर हेलेन माबुस ने इस हमले के बारे में बहुत कुछ बताया है।

व्हाइट हाउस कॉरस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हुए जानलेवा हमले ने अमेरिका को हिलाकर रख दिया है। इस घटना को लेकर अब चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद एक चश्मदीद वालंटियर ने बताया है कि किस तरह सुरक्षा में हुई एक भारी चूक का फायदा उठाकर हमलावर ने एक असुरक्षित कमरे में अपना हथियार असेंबल किया और फिर सीधे मुख्य हॉल की तरफ दौड़ पड़ा।

**सुरक्षा घेरे के पास बनाया मेकशिफ्ट रूम:** इस हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम में वालंटियर के रूप में काम कर रही हेलेन माबुस ने उस डरावने पल को याद किया। उन्होंने बताया कि टेरेस लेवल के प्रवेश द्वार के पास एक अस्थाई कमरा बनाया गया था। इस कमरे का उपयोग मुख्य रूप से बार कार्ट और अन्य सामान रखने के लिए किया जा रहा था। माबुस के अनुसार, उस समय वहां सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था और न ही कोई निगरानी की जा रही थी।

हेलेन ने बताया, 'वह शख्स उसी कमरे में छिपा था। उसने अपने बैग से कुछ निकाला और उसे जोड़ना शुरू कर दिया।' उन्होंने आगे बताया कि वह हथियार काफी लंबा था और किसी सामान्य बंदूक जैसा नहीं दिख रहा था। हमलावर सुरक्षाकर्मियों की नजरों से थोड़ा ओझल होकर इस काम को अंजाम दे रहा था। जैसे ही उसने हथियार तैयार किया, वह तेजी से बॉलरूम की ओर भागा और हमला करना शुरू कर दिया।

**10 से ज्यादा राउंड फायरिंग**

चश्मदीद के मुताबिक, हमलावर ने बिना सोचे-समझे हर दिशा में गोलियां चलानी शुरू कर दीं। हेलेन ने बताया, 'ऐसा लग रहा था जैसे वह हर तरफ अंधाधुंध फायरिंग कर रहा हो। मैंने कम से कम 10 राउंड गोलियों की आवाज सुनी। गोलियों की आवाज सुनते ही वहां चीख-पुकार मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

**मैं भी वहां से भागी।'**

पुलिस के अनुसार, हमलावर की पहचान कैलिफोर्निया के टोरेंस निवासी कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। एलन ने वाशिंगटन हिल्टन होटल में प्रवेश किया और सीधे उस बॉलरूम की ओर बढ़ा जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और लगभग 2,500 प्रतिष्ठित मेहमान मौजूद थे।

## बाल-बाल बचे राष्ट्रपति

जब हमलावर ने हमला किया, उस वक्त मेहमानों को सलाद परोसा जा रहा था। जैसे ही फायरिंग शुरू हुई, सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने तुरंत राष्ट्रपति ट्रंप को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। स्थिति इतनी तनावपूर्ण थी कि कैबिनेट के कई सदस्यों को अपनी जान बचाने के लिए टेबल के नीचे शरण लेनी पड़ी। डीसी पुलिस प्रमुख जेफरी कैरोल ने बताया कि हमलावर के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे। इस हमले में एक कानून प्रवर्तन अधिकारी को गोली लगी, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से उसकी जान बच गई। पुलिस ने इसे एक लोन वुल्फ हमला बता दिया है। इसका अर्थ है कि हमलावर ने अकेले ही इस साजिश को अंजाम दे रहा था।

# मजाक में कही बात हो गई सच: 'आज रात गोलियां चलेंगी'

## ट्रंप पर हमले से पहले प्रेस सचिव ने कही थी कुछ ऐसी ही बात



**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में वॉशिंगटन के हिल्टन होटल में गोलीबारी से हड़कंप मच गया और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम में प्रेस सचिव लेविट के मजाक-मजाक में दिए गए बयान ह्यआज रात गोलियां चलेंगीह्ण जैसे बयान को अब लोग संयोग या इशारे के रूप में जोड़कर देख रहे हैं।

वॉशिंगटन के हिल्टन होटल में व्हाइट हाउस संवाददाता डिनर के दौरान उस समय भारी अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक गोलीबारी की घटना हो गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाकर्मियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए डोनाल्ड ट्रंप को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। अधिकारियों ने बाद में पुष्टि की कि ट्रंप पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई है।

इस पूरे घटनाक्रम ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि इतने हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम के दौरान इस तरह की चूक को बड़ी विफलता माना जा रहा है। हालांकि सुरक्षाकर्मियों की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

हालांकि इस मामले में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का एक बयान खूब चर्चा में आ गया है। जहां उन्होंने एक पत्रकार से बातचीत में मजाक-मजाक में कहा था कि आज रात गोलियां चलने वाली है। लेविन ने इस बात पर जोर दिया था कि राष्ट्रपति का भाषण क्लासिक डोनाल्ड जे. ट्रंप जैसा होगा। इस बयान को अब लोग घटना से जोड़कर देख रहे हैं और सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है। वहीं कार्यक्रम के प्रसारण को लेकर भी तैयारी चल रही थी और दर्शकों को टीवी पर कवरेज देखने के लिए कहा गया था। लेकिन गोलीबारी की घटना ने पूरे माहौल को बदल दिया और कार्यक्रम की सुरक्षा पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया। यह घटना अब जांच के घेरे में है और सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद हमलावर अंदर तक कैसे पहुंचा या हमला करने की कोशिश कैसे हुई।

## इस्लामाबाद में एक परिवार के 4 लोगों की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद के उपनगरीय इलाके में एक ही परिवार के चार सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतकों में एक महिला और एक किशोर भी शामिल हैं। यह घटना शनिवार को जांगी सैयदैन क्षेत्र में एक घर में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों ने सुबह गोली चलने की आवाजें सुनीं और तुरंत पुलिस को सूचित किया।

पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो घर की पहली मंजिल पर चार शव बरामद हुए। दो पीड़ित अलग-अलग बिस्तरों पर थे, जबकि एक शव फर्श पर पड़ा मिला।

पुलिस अधिकारी के अनुसार, सभी पीड़ितों के सिर में गोली लगी थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के लिए अस्पताल में शिफ्ट कर दिया है। शुरूआती जांच में अधिकारियों को यह मामला 'ऑनर किलिंग' (सामूहिक हत्या) का लग रहा है।

# ईरान शांति वार्ता पर ग्रहण: अराघची फिर जा सकते हैं पाक, अमेरिकी दल का दौरा निरस्त



**इस्लामाबाद ।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान और रूस के दौरे पर जा सकते हैं, जहां वे जारी संघर्ष को खत्म करने के प्रयासों पर चर्चा करेंगे। अमेरिका के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है, जबकि ट्रंप प्रशासन ने बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची एक बार फिर पाकिस्तान जा सकते हैं। वह अभी ओमान में हैं और वहां से लौटने के बाद उनके इस्लामाबाद जाने की संभावना है। इसके बाद वह रूस की यात्रा करेंगे। अराघची ने हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात की थी। इस दौरान ईरान ने आठ हफ्तों से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए एक नया फॉमूर्ला पेश किया है।

ईरानी मंत्री ने कहा कि उन्होंने शांति का रास्ता बता दिया है, लेकिन उन्हें अमेरिका की नीयत पर शक है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अमेरिका और इस्राइल के लिए अपनी मांगों की एक आधिकारिक सूची भी सौंपी है। अराघची ओमान के रास्ते अमेरिका के साथ संपर्क साधने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी रूस यात्रा के दौरान वह मॉस्को को इस्लामाबाद वार्ता की प्रगति के बारे में जानकारी देंगे।

दूसरी तरफ, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खास दूतों जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ का पाकिस्तान दौरा अचानक रद्द कर दिया है। ये दोनों अधिकारी ईरान के साथ बातचीत के लिए इस्लामाबाद जाने वाले थे। ट्रंप ने इसके पीछे लंबी यात्रा, भारी खर्च और ईरान की ओर से बड़े नेताओं की कमी को वजह बताया। ट्रंप ने कहा कि वह फिजूलखर्ची पसंद नहीं करते। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने अधिकारियों को 18 घंटे की लंबी यात्रा पर सिर्फ उन लोगों से मिलने नहीं भेजेंगे जिन्हें कोई नहीं जानता।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के पास बातचीत के लिए मजबूत स्थिति है।

उन्होंने दावा किया कि जैसे ही उन्होंने दौरा रद्द किया, उसके 10 मिनट के भीतर ईरान ने एक नया और बेहतर प्रस्ताव भेज दिया। ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। जब उनसे युद्धविराम के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि अभी इस बारे में कुछ नहीं सोचा है।

# काश पटेल की कुर्सी पर संकट, ट्रंप जल्द कर सकते हैं एफबीआई प्रमुख की छुट्टी



**नई दिल्ली।** ईरान से युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने प्रशासन में लगातार शीर्ष अधिकारियों को पद से हटा रहे हैं। इसी बीच एक और चौंकाने वाला नाम सामने आया है। अमेरिकी नौसेना सचिव जॉन फेलन, अमेरिकी सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज और अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी के बाद एफबीआई प्रमुख काश पटेल को हटा सकते हैं। काश पटेल अपने व्यवहार को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। उन पर अत्यधिक शराब सेवन और अनियमित आचरण के आरोप लग रहे हैं।

पॉलिटिको ने शनिवार को एक शीर्ष व्हाइट हाउस अधिकारी के हवाले से दावा किया है कि काश पटेल ट्रंप प्रशासन से हटाए जाने वाले अगले कैबिनेट-स्तरीय अधिकारी हो सकते हैं।

हालांकि इस मामले पर व्हाइट हाउस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन इन आरोपों और रिपोर्ट के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# बी-सेल्स की कमी से घटती है मांसपेशियों की सहनशक्ति



**बीजिंग।** वैज्ञानिकों ने खोजा है कि बी-सेल्स केवल बीमारियों से ही नहीं लड़तीं, बल्कि मांसपेशियों की ताकत भी बढ़ाती हैं। ये कोशिकाएं शरीर में ग्लूटामेट के स्तर को नियंत्रित करती हैं, जिससे व्यायाम के दौरान थकान कम होती है। बी-सेल्स की कमी होने पर शारीरिक सहनशक्ति घट जाती है और मांसपेशियां जल्दी थकने लगती हैं।

अब तक बी-सेल्स को शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली के सुरक्षा प्रहरी के रूप में देखा जाता था, जो बाहरी रोगजनकों की पहचान कर एंटीबॉडी बनाकर उनसे लड़ने में मदद करती हैं। लेकिन वैज्ञानिक जर्नल सेल में प्रकाशित अध्ययन ने बी-सेल्स की एक अलग और महत्वपूर्ण भूमिका सामने रखी है। चीन की सिंघुआ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने पाया है कि ये इम्यून कोशिकाएं व्यायाम के दौरान मांसपेशियों की सहनशक्ति और प्रदर्शन को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाती हैं।

शोध के अनुसार बी-सेल्स एक विशेष प्रोटीन के जरिए ग्लूटामेट नामक अमीनो अम्ल के स्तर को नियंत्रित करती हैं, जो मांसपेशियों की ऊर्जा प्रणाली और मांसपेशियों के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है। अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता और सिंघुआ यूनिवर्सिटी के इम्यूनोलॉजिस्ट पेंग जियांग ने कहा कि यह पहली बार है जब बी-सेल्स की ऐसी भूमिका सामने आई है जो सीधे इम्यून सिस्टम से जुड़ी नहीं है। उन्होंने इसे हमारी शुरूआती अपेक्षाओं से पूरी तरह परे बताया।

शोधकताओं ने यह जानने की कोशिश की कि क्या इम्यून सिस्टम और व्यायाम क्षमता के बीच कोई सीधा संबंध है। इसके लिए उन्होंने ऐसे चूहों का अध्ययन किया, जिनमें आनुवंशिक रूप से बी-सेल्स की संख्या कम कर दी गई थी। इन चूहों को ट्रेडमिल पर दौड़ाया गया। लगभग 15 मिनट की अवधि में मशीन की गति तय अंतराल पर बढ़ाई गई और परीक्षण तब रोका गया, जब चूहा पूरी तरह थक गया। इसके बाद वैज्ञानिकों ने दूसरे समूह पर भी यही प्रयोग किया। इस समूह को एंटीबॉडी थेरेपी दी गई, जिसका उपयोग इंसानों में कैंसर पैदा करने वाली बी-सेल्स को निशाना बनाने के लिए किया जाता है। यह थेरेपी शरीर में मौजूद बी-सेल्स को नष्ट कर देती है। दोनों समूहों की तुलना सामान्य बी-सेल्स वाले नियंत्रण समूह से की गई।

## नई सरकार का नेपाल में बड़ा कदम

# चीन के साथ हुए समझौतों की जांच शुरू की



**काठमांडो।** चीन ने हमेशा नेपाल के साथ अपने आर्थिक संबंधों का इस्तेमाल हिमालयी देश में राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए एक सीढ़ी के रूप में किया है, लेकिन अब नेपाल में सत्ता परिवर्तन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ किए गए कई समझौतों की जांच की जा रही है।

दिल्ली स्थित थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट रिसर्च एंड रिजोल्यूशन (आईसीआरआर) द्वारा प्रकाशित एक लेख के अनुसार, ₹हाल के वर्षों में, नेपाल में चीन की बढ़ती भूमिका आर्थिक सहयोग से परे जाकर रणनीतिक और राजनीतिक हस्तक्षेप के रूप में सामने आई है, जिसमें तिब्बत और ताइवान से संबंधित मुद्दों पर राजनयिक दबाव से लेकर आंतरिक निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयासों तक शामिल हैं।

**के.पी शर्मा ओली के कार्यकाल में हुई कई समझौते**

लेख में कहा गया कि के.पी शर्मा ओली के कार्यकाल के दौरान नेपाल ने चीन के साथ कई समझौते किए, जिन्हें आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में क्रांतिकारी कदम के रूप में पेश किया गया था।

हालांकि, अब देश की नई सरकार इन समझौतों की गहन जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि ओली काल में शुरू की गई चीन से जुड़ी कई परियोजनाएं बिना किसी स्पष्ट कारण के क्यों रुक गईं,। नई सरकार ने यह भी घोषणा की है कि इन परियोजनाओं की पूरी समीक्षा होने तक चीन के साथ किसी भी नए समझौते पर विचार नहीं किया जाएगा।

इसी प्रकार, 2017 और 2018 के बीच बीआरआई के तहत शुरू किया गया ट्रांस-हिमालयी बहुआयामी कनेक्टिविटी नेटवर्क भी सैद्धांतिक चचाओं से आगे नहीं बढ़ पाया है। 2018 और 2020 के बीच जिन सीमा पार ट्रांसमिशन लाइन परियोजनाओं पर चर्चा हुई थी, वे अभी तक कार्यान्वित नहीं हुई हैं। 2016 और 2018 के बीच शुरू की गई उत्तरी राजमार्ग कनेक्टिविटी परियोजनाएं भी अधूरी हैं, जबकि 2018-2019 के दौरान पहचानी गई बीआरआई से जुड़ी अधिकांश पहलें 2026 तक भी लागू नहीं हो पाई हैं। लेख में बताया गया है कि 2017 से हुआवेई और जेडटीई से जुड़े डिजिटल विस्तार के प्रयास भी असमान रूप से आगे बढ़े हैं।

## इन परियोजनाओं की होगी जांच

नेपाल-चीन संबंधों में निर्णायक मोड़ 2016 और 2018 के बीच आया, जब बेल्ट एंड रोड पहल के तहत नेपाल बीजिंग के करीब आया। ओली सरकार ने इन समझौतों को नेपाल को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी केंद्र में बदलने के ऐतिहासिक अवसर के रूप में प्रस्तुत किया। हालांकि, इन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को हमेशा व्यावहारिक योजना या वित्तीय स्पष्टता का समर्थन नहीं मिला। लेख में अटकी हुई कई परियोजनाओं का जिक्र किया गया है, जिसमें बूढ़ी गंडकी जलविद्युत परियोजना शामिल है, जिसका ठेका मई 2017 में चीन के गेझोउबा समूह को दिया गया था, जिसे नवंबर 2017 में रद्द कर दिया गया था, 2018 में बहाल किया गया था और 2022 से बिना किसी मजबूत प्रगति के प्रभावी रूप से रुका हुआ है।

# कोलंबिया में हिंसक हमले जारी, बस में भीषण बम धमाके से गई सात की जान, कई घायल



**बोगोटा।** कोलंबिया के काउका प्रांत में बस में हुए बम धमाके में सात लोगों की मौत और 17 से अधिक घायल हो गए। अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला बताया है और जिम्मेदारी फार्क से अलग हुए विद्रोही गुटों पर डाली है।

कोलंबिया के दक्षिण-पश्चिम इलाके में शनिवार को एक बस में बम धमाका हुआ। इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई और 17 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। काउका प्रांत के गवर्नर ओक्टावियो गुजमैन ने बताया कि यह धमाका काजिबियो में पैनअमेरिकन हाईवे पर हुआ। बस उस समय रास्ते पर चल रही थी जब उसमें रखा विस्फोटक फट गया।

सेना के कमांडर जनरल ह्यूगो लोपेज ने इस घटना को आतंकवादी हमला बताया है। उन्होंने इस हमले का जिम्मेदार इवान मोर्डिस्को के नेटवर्क और जेम मार्टिनेज गुट को ठहराया। ये दोनों गुट पूर्व विद्रोही संगठन फार्क (ऋअफळ) से अलग हुए समूह हैं। इन समूहों ने साल 2016 में सरकार के साथ हुए शांति समझौते को मानने से इनकार कर दिया था।

राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने इस हमले पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि काजिबियो में सात नागरिकों की हत्या करने वाले लोग आतंकवादी और ड्रग तस्कर हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि मरने वालों में कई लोग आदिवासी समुदाय के थे। यह हमला पिछले दो दिनों में हुई हिंसा की कई घटनाओं में से एक है। जनरल लोपेज के अनुसार, इस क्षेत्र में पिछले 48 घंटों में 26 आपराधिक घटनाएं हुई हैं।

शनिवार को ही अधिकारियों ने एल टैम्बो में विस्फोटक से लदे तीन ड्रोन मार गिराए। इससे पहले शुक्रवार को काली और पल्मिरा में सेना की यूनिट्स के पास दो गाड़ियों में धमाके किए गए थे। जमुंडी के ग्रामीण इलाके में एक पुलिस स्टेशन पर भी गोलीबारी हुई। अधिकारियों का कहना है कि काउका और वैले डेल काउका इलाके ड्रग तस्करी के बड़े केंद्र हैं। विद्रोही गुट बुएनावेंचुरा बंदरगाह तक जाने वाले रास्तों पर कब्जा करना चाहते हैं। इन रास्तों से मध्य अमेरिका और यूरोप में ड्रग्स भेजी जाती है।

रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि सरकार इन अपराधियों को कड़ा जवाब देगी। वैले डेल काउका की गवर्नर फ्रांसिस्का टोरो ने केंद्र सरकार से तुरंत मदद मांगी है।

# माली में इस्लामी उग्रवादियों ने फैलाया आतंक

## कई जगहों पर हमलों को दिया अंजाम; भारत ने जारी की एडवाइजरी



**जोहानसबर्ग।** अफ्रीकी देश माली में आतंकी हमलों के बाद सुरक्षा संकट पैदा हो गया है। अल-कायदा से जुड़े संगठन ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। इस बीच भारत सरकार ने वहां मौजूद अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी कर लोगों को घरों के अंदर रहने और स्थानीय प्रशासन की बात मानने की सलाह दी गई है।

पश्चिम अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमाको और देश के अन्य शहरों में शनिवार को इस्लामी उग्रवादियों और अलगाववादियों ने कई स्थानों पर हमले किए। यह हाल के वर्षों में देश में हुए सबसे बड़े हमलों में से एक था। अल-कायदा से जुड़ा एक आतंकवादी समूह, जकातत नसर अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है।

वहीं, पश्चिम अफ्रीकी देश माली में हालिया सुरक्षा घटनाओं के मद्देनजर भारत सरकार ने वहां रह रहे अपने नागरिकों को अत्यधिक सतर्क रहने, सावधानी बरतने और घर के अंदर रहने की सलाह दी है।

**भारतीय दूतावास ने जारी किए सुरक्षा बरतने के निर्देश**

माली की राजधानी बमाको में स्थित भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है, ₹माली के काटी और अन्य हिस्सों में हालिया सुरक्षा घटनाओं और हमलों की रिपोर्टों के कारण देश में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों से अत्यधिक सतर्क रहने, अधिकतम सावधानी बरतने, घर के अंदर रहने और समय-समय पर माली के अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन करने का आग्रह करता है।

दूतावास ने यह भी बताया कि वह माली के अधिकारियों के साथ समन्वय में उभरती स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और आवश्यकतानुसार आगे के अपडेट जारी करेगा। दूतावास ने भारतीय नागरिकों से अपनी वेबसाइट और दूतावास के आधिकारिक सोशल मीडिया खातों के माध्यम से संपर्क में रहने का आग्रह किया है। किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए भारतीय नागरिकों को दूतावास से +223 78486019/94793705 पर संपर्क करने की भी सलाह दी गई है।

**कई जगहों पर इस्लामी उग्रवादियों ने किया हमला**

जेएनआईएम ने अपनी वेबसाइट पर दावा किया कि ये हमले अजावाद लिबरेशन फ्रंट (एएलएफ) के साथ मिलकर किए गए थे, जो एक तुआरेग-नेतृत्व वाला अलगाववादी समूह है। इन हमलों में माली की राजधानी के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ मध्य और उत्तरी माली के चार अन्य शहरों को निशाना बनाया गया।

# होर्मुज से बारूदी सुरंगें हटाने में लगेंगे छह महीने

## ट्रंप के आदेश पर अमेरिकी सेना तलाश में जुटी



**वॉशिंगटन।** बारूदी सुरंगों को हटाना एक बेहद मेहनत भरा काम है। अमेरिकी सेना के पूर्व अधिकारियों और इस मामले के विशेषज्ञों के मुताबिक, बारूदी सुरंगों को हटाना एक धीमी प्रक्रिया है जो आमतौर पर किसी संघर्ष के बाद होती है। उनके मुताबिक, बारूदी सुरंगों की खोज करना, अपने बगीचे में एक-एक करके खरपतवार को उखाड़ने जैसा है।

पश्चिम एशिया में संघर्ष के दौरान ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंगे बिछाकर उसे बेहद खतरनाक बना दिया है। खुद ईरानी सेना को भी नहीं पता कि बारूदी सुरंगें कहां-कहां हैं। अमेरिकी सेना अब अपने विशेष पोतों के जरिये बारूदी सुरंगें हटाने के अभियान में जुटी है। पेंटागन ने कहा है कि इस काम में छह महीने तक का समय लग सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रयास को तीन गुना करने का आदेश दिया है।

होर्मुज जलमार्ग से दुनिया के 20% तेल का परिवहन होता है। इसके बाधित होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था खतरे में है। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें और व्यापक आर्थिक प्रभाव ट्रंप प्रशासन के लिए राजनीतिक जोखिम पैदा कर रहे हैं, जहां नवंबर में मध्यावधि चुनाव होने हैं। हालांकि, इसके नतीजों से ट्रंप प्रशासन को कोई खतरा नहीं है, लेकिन संसद में उसके प्रभाव पर असर पड़ सकता है।

**बारूदी सुरंगें हटाने में लगेगा छह महीनों का समय**

हाल ही में अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा समिति को दी गई एक गोपनीय ब्रीफिंग में, पेंटागन के अधिकारियों ने बारूदी सुरंगों को हटाने में छह महीने का समय लगने का अनुमान पेश किया। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस आंकड़े की पुष्टि से इन्कार किया, लेकिन इसे नकारा भी नहीं। उन्होंने कहा, सेना को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है कि वह उचित समय सीमा में बारूदी सुरंगें हटा देगी।

ट्रंप ने दो दिन पहले ही कहा कि अमेरिकी माइनस्वीपर पहले से ही जलडमरूमध्य को साफ कर रहे हैं। उन्होंने इस गतिविधि को तीन गुना स्तर पर जारी रखने का आदेश दिया है। उन्होंने नौसेना को स्ट्रेट में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली किसी भी नाव पर हमला करने का अलग से आदेश दिया है।

**बारूदी सुरंगों को हटाना एक धीमी प्रक्रिया:** बारूदी सुरंगों को हटाना एक बेहद मेहनत भरा काम है। अमेरिकी सेना के पूर्व अधिकारियों और इस मामले के विशेषज्ञों के मुताबिक, बारूदी सुरंगों को हटाना एक धीमी प्रक्रिया है जो आमतौर पर किसी संघर्ष के बाद होती है। उनके मुताबिक, बारूदी सुरंगों की खोज करना, अपने बगीचे में एक-एक करके खरपतवार को उखाड़ने जैसा है।

बारूदी सुरंगों को हटाना घास काटने जैसा है। हालांकि, इनका यह भी कहना है कि हर एक बारूदी सुरंग को हटाना अनिवार्य नहीं है। अभी भी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें द्वितीय विश्व युद्ध और कुछ मामलों में प्रथम विश्व युद्ध के अवशेषों से मुक्त नहीं किया जा सका है, क्योंकि यह काम संसाधनों की अत्यधिक खपत और समय लेने वाला है।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने की व्हाइट हाउस में बॉलरूम निर्माण की वकालत

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि व्हाइट हाउस के परिसर में एक बड़ा, सुरक्षित और आधुनिक बॉलरूम बनाने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। उन्होंने बताया कि सेना, सुरक्षा एजेंसियां और पिछले कई राष्ट्रपति लगभग 150 वर्षों से इसकी मांग करते आ रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि यह नया बॉलरूम अत्यधिक सुरक्षित होगा और इसमें सबसे उच्च स्तर की सुरक्षा सुविधाएं होंगी। इसके ऊपर कोई असुरक्षित कमरे नहीं होंगे। इसे दुनिया की सबसे सुरक्षित इमारत यानी व्हाइट हाउस के अंदर बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्माण समय से पहले और तय बजट के भीतर चल रहा है और तेजी से पूरा किया जा रहा है। ट्रंप ने एक कानूनी मामले की भी आलोचना की, जिसमें बॉलरूम निर्माण के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है। उन्होंने कहा कि यह मामला एक ऐसी महिला ने दायर किया है जो अपने कुत्ते को घुमाती है और उसे इस तरह का मुकदमा करने का कोई अधिकार नहीं है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | सोमवार • 27 अप्रैल -2026
गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# गीता शाक्य ने 33% महिला आरक्षण को बताया ऐतिहासिक कदम

## विपक्ष पर बाधा डालने का आरोप: गाजियाबाद सम्मेलन में 2027 में जवाब देने की चेतावनी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रेड बैंक्विट हॉल में आयोजित जन आक्रोश सम्मेलन में नारी शक्ति का प्रभावशाली और संगठित प्रदर्शन देखने को मिला, जहां कार्यक्रम का केंद्र बिंदु रहीं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य। अपने ओजस्वी और राजनीतिक रूप से तीखे संबोधन में उन्होंने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की पहल को ऐतिहासिक बताते हुए विपक्ष पर सीधा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को राजनीतिक भागीदारी में बराबरी देने की निर्णायक शुरूआत है। गीता शाक्य ने स्पष्ट आरोप लगाया कि विपक्ष की भेदभावपूर्ण और संकीर्ण सोच इस अधिकार को रोकने का प्रयास कर रही है, लेकिन अब महिला शक्ति जागरूक हो चुकी है और अपने अधिकारों के लिए पीछे हटने वाली नहीं है।

उनके संबोधन के दौरान महिलाओं की भारी मौजूदगी और समर्थन ने इस मुद्दे को लेकर जनभावना को और स्पष्ट कर दिया। कार्यक्रम का संचालन चौधरी शीतल देओल और डॉ. रिचा भदौरिया ने किया। कार्यक्रम संयोजक चौधरी शीतल देओल ने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

सम्मेलन के समापन पर महिला शक्ति ने विपक्ष का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी गई कि 2027 के चुनाव में विपक्ष को इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

### महिलाओं को अधिकार देने की ऐतिहासिक पहल: गीता शाक्य

**करंट क्राइम।** सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में गीता शाक्य मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में ठोस और ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की रूढ़िवादी और भेदभावपूर्ण सोच इस पहल में बाधा बन रही है। हालांकि, उन्होंने विश्वास जताया कि यह कानून भविष्य में जरूर लागू होगा।





### नारी शक्ति समाज की आधारशिला: मयंक गोयल

**करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है और उसका सम्मान करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में महिलाओं की भूमिका हमेशा से केंद्रीय रही है और इसे कमजोर करने की कोई भी कोशिश स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने विपक्ष पर महिलाओं के खिलाफ सुनियोजित साजिश रचने का आरोप भी लगाया।

### महिला सम्मान कमजोर करने की कोशिश का होगा जवाब: आशा शर्मा

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद की पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा कि महिलाओं को मिल रहे सम्मान और अधिकारों को विपक्ष कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से समय आने पर दिया जाएगा।






▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** व्यापारियों के सम्मेलन में दिखाई दिया भगवा सियासत का एक ये भी अंदाज? जब पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन को देखते ही शहर विधायक संजीव शर्मा ने उनके पांव छूकर लिया आशीर्वाद? अब चल रही है इस बात की खोज कि आखिर विधायक जी ने पहली बार छूए हैं पांव या जब भी मिलते है तभी लेते हैं आशीर्वाद? कहने वाले ने कहा कि इतना सीन में डाउट मत डालो? जब कमान्डर ले रहे थे आशीर्वाद? तब देखते ही बन रही थी मोहन जी की मुस्कुराहट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्या अब पहलवान के फ्रैन्ड ने बदल दिया है मंच से संबोधन का अपना ट्रेंड? जब विधायक जी के हाथ में आया माईक तो वो क्यों भूल गये अपने प्रिय फ्रेंड पहलवान का नेम? सुनने वालों ने सुना जब पहलवान ने थामा माईक? उन्होंने अपने दोस्त को रखा अपने संबोधन में सबसे पहले? कहा आदरणीय विधायक जी हमारे साथ हैं? भूल जाते हैं लेने वाले कई बार लेना नाम? ये कौन सी राजनीति में नई बात है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा महिला शक्ति के कार्यक्रम में चीफ गेस्ट की जुबान पर आ गया क्रॉसिंग वाली ठाकुर लेडी का नाम? सुना है नाम को लेकर हो गया था कोई कन्फ्यूजन? जब उठने लगी ब्राह्मण भगवा लेडी तो संगठन के प्रमुख चेहरे ने दिया उन्हें रोक? बता दिया यह नाम क्रॉसिंग वाली ठाकुर लेडी का है? आप कृप्या स्थान ग्रहण कर लें? कहने वाले ने कहा फोकस में थी बहन रनिता? कुछ और समझ बैठी थी बहन अनिता?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा के शैडो व्यापार मंडल वाले कार्यक्रम में नवयुग मार्किट के किस व्यापारी नेता ने उठा दिया भ्रष्टाचार को लेकर सवाल? कहा हर विभाग में हो रहा है व्यापारियों पर अत्याचार? क्या गुप्ता व्यापारी नेता ने दस रूपये के रेट का बताया था एक हजार रूपये में तब्दील होने का किस्सा? व्यापारी नेता के जज्बे को देखकर सब थे हैरान? देखना अब ये है कि उनकी शिकायत का क्या निकाल पायेंगे चीफ गेस्ट समाधान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** व्यापारियों वाले मंच पर दिखाई दिया विधायक संजीव शर्मा की लोकप्रियता का पंच? माईक से जब गूंजी थी ये आवाज? विधायक जी ने करवाया था मुख्यमंत्री से मिलकर हाउस टैक्स की समस्या का समाधान? व्यापारी दे रहे थे फुल क्रेडिट विधायक संजीव शर्मा को और कर रहे थे उनकी जिंदाबाद? कहने वाले ने कहा कि वैसे जिंदाबाद लगाने वाले वो ही चेहरे थे जिन्हें बताया जाता है भगवा कमान्डर का खास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब थम गया था भगवा दफ्तर में नारी शक्ति का जुबानी संग्राम? तब किस चेहरे ने मिला दिये थे सबको बारी बारी से फोन? वो बता रहे थे झगड़ने वालों से लेकर बीच बचाव कराने वालों के नाम? वो यह कहना नहीं भूल रहे थे कि बस मेरा नहीं आना चाहिए नाम? क्या वो नहीं रख पाते हैं अपने काम से काम? कहने वाले ने कहा कि चाहते तो वो इस रायते को समेट भी सकते थे? मगर उन्होंने को भुस के ढेर में आग लगाने का बना लिया था प्रोग्राम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर कार्यकारिणी वाली लिस्ट के नामों को लेकर किस भाजपाई ने ली चुटकी? उसने गिनाये एक एक कर सबके नाम? और फिर कहा होना चाहिए था इस लिस्ट में लाईन पार वाले पूर्व का भी नाम? क्या वो वास्तव में कर रहे थे उनकी चिंता या ले रहे थे तफरी? बहरहाल उन्होंने कहाकि कुछ ना होने से उन्हें कुछ तो देना चाहिए था? उनका नाम भी महानगर वाली कार्यकारिणी की लिस्ट में होना चाहिए था?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जीडीए वाली लिस्ट की स्टोरी में क्या आ गया है कोई ट्विस्ट? क्या यहां एक सीनियर और जूनियर ब्राह्मण के नाम पर चल रहा है कोई मंथन? कहने वाले ने कहा कि तीन नाम आने हैं और तीस लोगों की हो गयी है सिफारिश? फ्लॉवर वाले सोर्स ने कहा नाम हो चुके हैं शॉर्ट लिस्ट? केवल ब्राह्मण वाले नाम को लेकर आ जायेगा रोचक ट्विस्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किस भगवा नेता ने अब पाल ली है एक काऊ? वो चाहते हैं अब दूध और मट्ठे के जरिये बड़े नेता के घर पर एंट्री एनी हाऊ? सुना है काऊ की सेवा के लिए रख लिये हैं उन्होंने दो ग्वाले? बता रहे हैं अंदर की बात बताने वाले? ध्वज प्रणाम वालों के यहां शुरू हो गयी है मिल्क की सप्लाई? अभी तो उनका ये मिल्क डिट्रिब्यूशन समय आने के साथ साथ और भी जगह एप्लाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा दफ्तर में लेडी घमासान का ले लिया गया है प्रदेश की राजधानी में संज्ञान? कहने वाले ने कहा कि आने वाले समय में दिखाई देंगे आपको इसके इफैक्ट? या तो बताना होगा उन्हें कारण या फिर हो जायेगा 6 महीने का निष्कासन? कहने वाले ने कहा कि हाईकमान वालों ने साफ कह दिया है अनुशासन ईज अनुशासन? कुछ भी हो जाये सिस्टम में नहीं कबूल है क्रोध वाला आसन?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# रालोद बैठक में संगठन विस्तार व के.सी. त्यागी के स्वागत की रणनीति, 2027 चुनाव पर फोकस





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोक दल कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर विस्तृत मंथन हुआ। बैठक की अध्यक्षता रामपाल चौधरी ने तथा संचालन अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। इस दौरान जयंत चौधरी की नीतियों और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

जिला अध्यक्ष ने ब्लॉक स्तर पर सम्मेलन और बूथ स्तर तक कमेटियां गठित करने के निर्देश दिए, साथ ही वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद के. सी. त्यागी के भव्य स्वागत का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ, जिसके तहत यूपी गेट, साहिबाबाद गांव, मेरठ तिराहा स्थित रालोद कार्यालय मोरटा (मुरादनगर), बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल तथा मोदीनगर में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थल पर स्वागत कार्यक्रम तय किया गया।

बैठक में चौधरी तेजपाल सिंह, कुंवर अयूब अली एडवोकेट, सत्येंद्र तोमर, अजय वीर सिंह एडवोकेट, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी सहित अन्य वक्ताओं ने के.सी. त्यागी के अनुभव और चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाने पर जोर दिया तथा 2027 विधानसभा चुनाव में मजबूती से उतरने का आह्वान किया। इस मौके पर रामपाल चौधरी, तेजपाल सिंह, अमरजीत सिंह बिड्डी, अयूब अली, अजयवीर, अजय पाल प्रमुख, अमरीश त्यागी, हिमांशु नागर, अरुण दहिया, सत्येंद्र तोमर, सुमन चौधरी, राखी संधू, राशि (उपाध्यक्ष), देविंद्र चौधरी, हिमांशु तेवतिया, आलोक चौधरी, मनोज त्यागी, मनोज राठी, बिट्टू खंजरपुर, संजीत नेहरा, योगेश फफराना, रणजीत सिंह तेवतिया, मुनींद्र बिल्ला, शांतनु त्यागी, मोहम्मद जुनेद, फहीम कुरैशी, मनीष जांगरा, इंद्रपाल कसाना, विपिन तोमर, इमरान इलाही, वीर सिंह सलेमाबाद, नीरज सेहरावत, कासिम, संजय त्यागी, मोमिन अल्वी, राहुल कुमार, ऋषभ शर्मा, शाहरुख खान, विकास नरेश, राजेंद्र सिंह, सचिन त्यागी, सतीश राठी, नरेश पाल तोमर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 41वीं वाहिनी पीएससी में दीक्षांत परेड संपन्न 248 महिला आरक्षी पुलिस बल का हिस्सा बनीं







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली 41वीं वाहिनी पीएसी, के मैदान पर 09 माह के प्रशिक्षण के बाद 'आधारभूत प्रशिक्षण 2025-26' का समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजित दीक्षांत परेड (पासिंग आउट परेड) में 248 महिला प्रशिक्षुओं ने अपने अनुशासन और कौशल का शानदार प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया।

मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षुओं को कर्तव्यनिष्ठा और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में अनुशासित जीवन और जनसेवा के महत्व पर जोर दिया। प्रशिक्षण काल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट्स को सम्मानित किया गया। जिनमें महिला आरक्षी नीतू को प्रथम स्थान एवं बाह्य कक्ष महिला आरक्षी मीनू कश्यप को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। परेड का नेतृत्व प्रथम कमांडर संदिका यादव, द्वितीय कमांडर ज्योति और तृतीय कमांडर दिव्या राजपूत ने किया। कार्यक्रम के अंत में वाहिनी के अधिकारियों ने सभी नए आरक्षियों को उनके पेशेवर जीवन की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मुख्यमंत्री ने दिया भविष्य का मंत्र

**करंट क्राइम।** समारोह के दौरान लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सजीव प्रसारण के माध्यम से प्रदेशभर के प्रशिक्षुओं को संबोधित किया। उन्होंने सभी को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद मुख्य अतिथि कल्पना सक्सेना पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी मेरठ अनुभाग ने परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया।

# अंबेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण के निर्देश, जल्द शुरू होगा सुधार कार्य





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वार्ड-25 के पार्षद कन्हैया लाल द्वारा 19 अप्रैल 2026 को यूपीसीडा स्थित एसएसजीजीटी रोड, गाजियाबाद के अंबेडकर पार्क की जर्जर स्थिति और अव्यवस्थाओं को लेकर उठाए गए मुद्दे पर विधायक संजीव शर्मा ने संज्ञान लिया है। इसके बाद यूपीसीडा के प्रबंधक (सिविल), निर्माण खंड-प्रथम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी निदेशों में पार्क में साफ-सफाई, हरियाली, प्रकाश व्यवस्था और समुचित सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र शुरू करने को कहा गया है। साथ ही, इसके लिए विस्तृत आगणन (एस्टिमेट) तैयार कर मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो सके।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्कों का सौंदर्यीकरण पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

# वार्ड 78 के दयानंद पार्क में पप्पू पहलवान ने किया निर्माण कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 78 शालीमार गार्डन में पार्षद ओमवती देवी के नेतृत्व में दयानंद पार्क परिसर में नाली व खड़ंजा निर्माण कार्य का उद्घाटन पप्पू पहलवान द्वारा किया गया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता की सेवा को प्राथमिकता देते हुए वार्ड को निरंतर विकास की सौगातें मिल रही हैं। इस कार्य से पार्क परिसर में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, प्रवीण शर्मा, सुनील त्यागी, राजन कुमार, अवधेश सिंह, रजत श्रीवास्तव, डिंपल चौधरी, भूपेंद्र गोस्वामी, डी.एन. कॉल, सुमन सती, भूषण लाल टिंगलू, शिव कुमार शर्मा, जगदीश सती, महावीर सिंह, निशा चौहान, सुनील शर्मा, प्रेम चन्द्र रामोला, सुभाष गुर्जर, महेंद्र शत्रुघ्न लाल, योग राज शर्मा, धर्मेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# नायब सूबेदार के परिवार से मांगी रंगदारी, धमकियों से परिवार खौफ में

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नायब सूबेदार के परिवार को अज्ञात नंबर से धमकी भरी कॉल कर उनसे चार लाख रंगदारी की मांग की जा रही है। कॉल करने वाला अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर मार्च माह से उनके परिवार को परेशान कर रहा है। जिससे पूरा परिवार इन दिनों खौफ के साये में जीवन काट रहा है। मेघायल यूनिट से नायब सूबेदार ने गाजियाबाद पुलिस को पत्र लिखकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोदीनगर की भूपेंद्रपुरी कॉलोनी के सतेंद्र कुमार भारतीय सेना में नायब सूबेदार हैं।

उनकी तैनाती मेघायल यूनिट में चल रही है। परिवार यहीं मोदीनगर में रहता है। सतेंद्र के मुताबिक, छह मार्च से उनके परिवार के लोगों को अज्ञात नंबर से कॉल कर धमकी दी जा रही है।

# नंदग्राम में भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को जेकेजी स्कूल, डी-ब्लॉक नंदग्राम में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव सभा द्वारा बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपाल दत्त शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री पं. सुनील शर्मा उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पं. डी.के. शर्मा ने की। संचालन पं. जयनन्द शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में महानगर और जनपद की विभिन्न इकाइयों ने भाग लिया। स्थानीय इकाई नंदग्राम के अध्यक्ष पं. मदन शर्मा एवं उनकी टीम की आयोजन में विशेष भूमिका रही। आयोजन समिति के कुशल प्रबंधन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पं. जे.के. गौड़ ने कहा कि भगवान परशुराम केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि समस्त हिन्दू समाज के आराध्य हैं और उनका जन्मोत्सव पूरे देश में 17 मई तक मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपाल दत्त शर्मा ने बताया कि सभा पूरे भारत में ब्राह्मण समाज के हित में एकजुट होकर कार्य कर रही है, जिसके चलते देशभर में यह पर्व उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है।

मुख्य अतिथि पं. सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में सभा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम अजर-अमर हैं और उनके आदर्श समाज को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा और पूर्व विधायक पं. सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने भी सभा के कार्यों की सराहना करते हुए समाज की एकता पर बल दिया।

अंत में महानगर अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में 500 से अधिक पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।